www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 159 || अम्बेडकरनगर
रविवार
30 अगस्त 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:44
सूर्यास्तः 06:30
अधिकतमः 32°00
न्यूनतमः 27°00



पेज 07

विशेष समाचार — नेपाल की त्रासदी से भारत ... >>पेज 04 | तेंदुए ने 35 साल के युवक... >>पेज 06 | सैफ अली खान पर हमले के ...

# 'कानून से खेला तो धज्जियां उड़ा देंगे'

## सीएम योगी की अपराधियों को खुली चेतावनी, जेल जाएंगे या जहन्नुम

**संदेश**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि किसी ने कानून की धज्जियां उड़ाने की तनिक भी कोशिश की तो उसकी धज्जियां उड़ाने में देर नहीं लगेगी। प्रदेश में सुरक्षा पर जो भी संकट पैदा करेगा, उसके लिए जेल और जहन्नुम के रास्ते खुले हुए हैं। प्रदेश माफियामुक्त हो चुका है और कोई फिर सिर उठाएगा तो वह मिट्टी में मिला दिया जाएगा। सीएम योगी, गोरखपुर के बशारतपुर में नवनिर्मित कल्याण मंडपम सहित गोरखपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम की 130.73 करोड़ रुपये की लागत वाली 170 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में उपद्रव, अराजकता या गुंडागर्दी नहीं है बल्कि सर्वत्र सुरक्षा का माहौल है। सीएम योगी ने कहा कि साल-2017 से यूपी सुरक्षा के माहौल में तेजी से विकास कर रहा है। जिन्हें विकास, रोजगार और उत्सवपूर्ण माहौल पसंद नहीं है, वे अब समाज को जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने का काम करेंगे। जनता को ऐसे लोगों से सतर्क और सावधान रहना होगा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए, समाज को बांटने वाले लोगों को डकैतों का गिरोह करार दिया। सीएम ने कहा, 'डकैतों के इस गिरोह को जब भी मौका मिला तो उन्होंने प्रदेश और देश को लूटने का काम किया। उत्सव से पहले उपद्रव करना, दंगे करना, कर्फ्यू लगवाना ही इनकी पहचान थी।'


>> (शेष पेज 06 पर)

### सीएम के हाथों इन विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

- बशारतपुर कल्याण मंडपम (जीडीए), लागत 3 करोड़ 10 लाख रुपये।
- जीडीए की तरफ से विभिन्न क्षेत्रों में पार्क निर्माण, सड़क व नाली निर्माण और लाइटिंग के 14 कार्य, लागत 7 करोड़ 74 लाख 33 हजार रुपये।
- नगर निगम की तरफ से विभिन्न वार्डों में पाइपलाइन विस्तार, नलकूप स्थापना और इंडिया मार्क-टू हैंडपंपों की रीबोरिंग के 29 कार्य, लागत 39 करोड़ 90 लाख रुपये।
- नगर निगम की तरफ से बाढ़ और जलभराव से राहत के लिए बाढ़ पंपिंग स्टेशनों की क्षमता वृद्धि एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, लागत 30 करोड़ 9 लाख रुपये।

सीएम बोले- युवा सिर्फ जॉब रेडी नहीं, फ्यूचर रेडी बनें







सीएम बोले-जरूरतें सरकार को कोसने से पूरी नहीं होतीं विश्वविद्यालय टापू नहीं, समाज की जरूरतों से जुड़ें

### माफिया के साथ मच्छरजनित बीमारी का भी किया समाधान

सीएम योगी ने कहा कि बीते करीब 10 सालों में उन्होंने माफिया का सफाया करने के साथ ही मच्छरजनित बीमारी इंसेफेलाइटिस का भी समाधान कर दिया गया। उन्होंने याद दिलाया कि 2017 के पहले इंसेफेलाइटिस की त्रासदी के कारण गोरखपुर सहित पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश में दहशत का माहौल रहता था। इंसेफेलाइटिस की बीमारी 1977 से चली आ रही थी। पर इस दौरान दूसरे दलों की सरकारों ने समाधान पर ध्यान नहीं दिया। इंसेफेलाइटिस को लेकर उन सरकारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सांसद के रूप में इंसेफेलाइटिस के समाधान के लिए सदन से सड़क तक लड़ाई लड़ी और जब मुख्यमंत्री बने तो समाधान करके दिखा भी दिया। उन्होंने कहा कि अब मासूम बच्चे इंसेफेलाइटिस की चपेट में आकर दम नहीं तोड़ते।

### पत्रकारों के सवालों पर गाली-गलौच व हाथापाई पर उतारू हो जाते हैं अखिलेश

देवरिया, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कहा कि लखनऊ में बने जेपीएनआईसी (जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर) की प्रारंभिक लागत मात्र 200 करोड़ थी। सपा ने इस पर 864 करोड़ खर्च कर दिए, तब भी यह अधूरा रहा। यह पैसा 'सैफई सिंडिकेट' का नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता का पैसा था। ये लोग जनता का पैसा पानी की तरफ बहाते थे। यदि अब सरकार उस पर पैसा लगाती तो कम से कम 150-200 करोड़ रुपये और खर्च होते। ये लोग सरकार के खजाने से 900-1000 करोड़ खर्च करके इस सेंटर को एक प्राइवेट कंपनी को देना चाहते थे, जिसमें अखिलेश, डिंपल व धर्मेंद्र यादव शामिल थे।

- जेपीएनआईसी के लिए प्राइवेट कंपनी बनाकर सरकारी खजाने पर डकैती डाल रहे थे अखिलेश-डिंपलः मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने सलेमपुर व भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 305 करोड़ की 80 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास
- जनता का पैसा पानी की तरफ बहाता था 'सैफई सिंडिकेट'
- रक्षाबंधन पर दो दिन में लाखों महिलाओं ने उठाया परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा का लाभ

## भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली के 3 सांसदों को फटकार लगाई

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नबीन ने बीजेपी दिल्ली के 3 सांसदों को पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के परिवार के घर जाकर शोक व्यक्त करने के लिए फटकार लगाई है।

हाल ही में सांसद कमलजीत सहरावत, रामवीर सिंह बिधूड़ी और योगेंद्र चंदोलिया ने सज्जन कुमार के आवास का दौरा कर उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की थी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा अध्यक्ष ने इस कदम पर नाराजगी व्यक्त की। सज्जन कुमार का 20 अगस्त को निधन हो गया था। वे 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान सिखों की हत्याओं के लिए दो आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। तीनों नेताओं के सज्जन कुमार के आवास पर जाने के बाद सबसे पहली प्रतिक्रिया भाजपा नेता एचएस फुल्का की ओर से आई थी।

## राहुल गांधी ने प्रोजेक्टर पर खड़गे का भाषण दिखाया

### कहा- हल्द्वानी में उनकी सभा के बाद मंच का शुद्धीकरण हुआ

**अपमान**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । राहुल गांधी दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रोजेक्टर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भाषण दिखाया। राहुल ने कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में उनके भाषण के बाद मंच का शुद्धीकरण किया गया। प्रधानमंत्री दोषियों पर एक्शन लें। दलितों पर सदियों से अत्याचार हो रहा है। देश में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई है। हजारों साल से इस देश में दलितों पर अत्याचार, हिंसा की गई है। संविधान में यह गैरकानूनी है। लेकिन आज भी स्कूल में दलित बच्चों से टॉयलेट साफ कराया जाता है। झाड़ू-पोछा लगवाया जाता है। यह हिंदुस्तान की रियलिटी है। कई गांवों में उन्हें सार्वजनिक कुएं से पानी नहीं लेने दिया जाता, इसलिए अलग कुआं खोदना पड़ता है। चाय की दुकानों पर अलग-अलग कप रखे जाते हैं- दलितों के लिए अलग, बाकी लोगों के लिए अलग।



- शुद्धीकरण- छुआछूत का दूसरा नाम
- शुद्धीकरण करने वालों के खिलाफ एफआईआर हो

>> (शेष पेज 06 पर)

## छात्र परिषद कार्यक्रमः ममता बनर्जी के खिलाफ केस दर्ज

### तय समय से ज्यादा प्रोग्राम चला टीएमसी समर्थकों ने रोड ब्लॉक किया

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामला 28 अगस्त को तृणमूल छात्र परिषद (TMCP) के कार्यक्रम से जुड़ा है। आरोप है कि कोर्ट ने कार्यक्रम के लिए दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक का समय दिया था। लेकिन आयोजकों ने तय समय के बाद भी कार्यक्रम जारी रखा।

शिकायत के मुताबिक, टीएमसी समर्थकों ने बैरिकेड हटाए, । पुलिस-कर्मियों से धक्का-मुक्की की। कैथेड्रल रोड पर ट्रैफिक ब्लॉक किया। भाजपा सरकार में पुलिस का खराब रवैयाः TMC के शासन में पुलिस का मानवीय चेहरा था, लेकिन BJP ने पुलिस को राक्षसी संस्था में बदल दिया।



>> (शेष पेज 06 पर)

### ममता को कार्यक्रम के लिए कोर्ट से परमीशन क्यों लेनी पड़ी

यह मामला TMCP के दो गुटों के कार्यक्रम की अनुमति से जुड़ा था। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने कार्यक्रम को लेकर कोर्ट में याचिका लगाई थी। 28 अगस्त को TMCP के स्थापना दिवस पर बड़े राजनीतिक कार्यक्रम के लिए जगह, भीड़ और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विवाद था। दोनों गुटों ने कार्यक्रम के लिए मायो रोड की मांग की थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### जस्टिस नागरत्ना की वकीलों को नसीहत

नई दिल्ली। देश की राजधानी नई दिल्ली में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 13वें दीक्षांत समारोह के दौरान सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ जज वीवी नागरत्ना ने एक बड़ा और गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हमारी अदालतें मुकदमों के अंबार, लगातार होती देरी और वकीलों की भारी-भरकम फीस से कराह रही हैं।

**बैठक चर्चा**

### 8वें वेतन आयोग को 6% इंक्रीमेंट का प्रपोजल

नई दिल्ली। आठवां वेतन आयोग अपनी सिफारिशें सरकार को सौंपने के लिए एक्शन मोड में है। वेतन आयोग की ताबड़तोड़ बैठकें हो रही हैं। हर बैठक में कर्मचारी संगठनों की ओर से अलग-अलग तरह के डिमांड किए जाते हैं। ऐसी ही एक डिमांड सालाना इंक्रीमेंट (वेतन वृद्धि) को लेकर है। प्राइवेट सेक्टर के कई कर्मचारियों के उलट केंद्र सरकार के कर्मचारी को हर साल मिलने वाला इंक्रीमेंट बेसिक पे का सिर्फ 3% होता है। अब यह आठवें वेतन आयोग के सामने सबसे विवादित और चर्चित मुद्दों में से एक बन गया है।

### अब आजम और जौहर यूनिवर्सिटी की लड़ाई जंतर मंतर पर

नई दिल्ली। आजम खान के समर्थक उनके और जौहर यूनिवर्सिटी के खिलाफ चल रही कार्यवाहियों के मुद्दे पर जंतर-मंतर पर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इससे जुड़ी कुछ पोस्ट अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिए वायरल हो रही हैं। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान ऐसी किसी वायरल पोस्ट की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

## एफडीए अधिकारी खुद को भगवान समझते हैं क्या : एचसी

### न नियम पढ़ते- न कानून जानते, कार्रवाई कर देते

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शनिवार को महाराष्ट्र के फूड डिपार्टमेंट के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा, अधिकारी न तो हमारा आदेश समझते हैं, न ही एक्ट। वे अपने नियम तक नहीं पढ़ते। न ही कानून जानते बस कार्रवाई कर देते हैं। दरअसल मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। FDA ने 21 अगस्त को शुरुआती जांच के बाद क्लब के पांच आउटलेट के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए थे। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने नई रिपोर्ट के आधार पर पांचों रेस्टोरेंट को दोबारा खोलने की अनुमति दी। रिपोर्ट में सामने आया कि ये रेस्टोरेंट अब फूड सेफ्टी नियमों के 88% मानकों का पालन कर रहे हैं। क और मामले में FDA ने पुणे स्थित Cipla Pharma एंड Life Sciences Limited की यूनिट का दवा बिक्री लाइसेंस रद्द किया था। कोर्ट की फटकार के बाद FDA ने यह आदेश वापस ले लिया।



तुकाराम मुंढे, FDA कमिश्नर

- 5 रेस्टोरेंट को फूड लाइसेंस वापस मिले

>> (शेष पेज 06 पर)

## 287 भारतीयों समेत 3000 लापता 800 मीटर लंबा ग्लेशियर टूटने से तबाही आई

# नेपाल बाढ़ : मौत का आंकड़ा 682 हुआ

**रेस्क्यू**

तमसा संकेत, एजेंसी

काठमांडू । नेपाल-तिब्बत में 26 अगस्त को आई बाढ़ में मरने वालों का आंकड़ा 682 हो गया है। करीब 3,000 लोग अब भी लापता हैं। इनमें 287 भारतीय भी शामिल हैं।


इस तबाही के तीन दिन बाद ग्लेशियर टूटने का वीडियो सामने आया है। तिब्बत में एक टूर गाइड ग्रुप ने ऊंचाई से इसे रिकॉर्ड किया था। वीडियो में बर्फ और चट्टानों से बना करीब 800 मीटर लंबा ग्लेशियर का हिस्सा टूटकर घाटी में गिरता दिखाई दे रहा है।


>> (शेष पेज 06 पर)

**नेपाल-तिब्बत बाढ़**
**मौत, रेस्क्यू और लापता**

| | नेपाल | तिब्बत |
|---|---|---|
| मौत | 675 | 7 |
| रेस्क्यू | 4,451 | 400 |
| लापता | 2,485 | 554 |

नेपाल में इस आपदा से 675 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तिब्बत में 7 लोगों की मौत की पुष्टी की गई है। करीब 3000 लोग लापता हैं। इनमें 187 भारतीय भी शामिल हैं। 400 भारतीय अभी तिब्बत में फंसे हुए हैं।





ग्लेशियर टूटने के तुरंत बाद का फोटेज

### पंजाबी युवक नेपाल की बाढ़ में लापता

नेपाल बाढ़ में पंजाब तरनतारन जिले का युवक लापता हो गया। उसके साथ उसके दो रिश्तेदार भी लापता हैं, जो यूपी के सीतापुर जिले के रहने वाले हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### नेपाल के पुनर्निर्माण में अरबों डॉलर लग सकते हैं

बाढ़ से हुई भारी तबाही के बाद देश के पुनर्निर्माण और पुनर्वास में अरबों डॉलर खर्च हो सकते हैं। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने शनिवार को काठमांडू में यह जानकारी दी।

>> (शेष पेज 06 पर)

**दौरा : प्रधानमंत्री ने यांगी उज्बेकिस्तान पार्क में अर्पित की पुष्पांजलि, राष्ट्रपति भी रहे साथ**

# ताशकंद में पीएम मोदी

तमसा संकेत, एजेंसी

ताशकंद । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद पहुंच गए हैं। ताशकंद पहुंचने पर पीएम मोदी का उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मजबूत होते संबंधों की झलक भी देखने को मिली। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह बैठक अहम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव व्यापार एवं निवेश, रक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी, ऊर्जा, शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क समेत कई क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करेंगे।



>> (शेष पेज 06 पर)

### ताशकंद जाने से पहले पीएम मोदी ने उज्बेक छात्रों की तारीफ की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उज्बेकिस्तान की राजकीय यात्रा के लिए रवाना होने से पहले उज्बेकिस्तान के कुछ युवा छात्रों का एक वीडियो साझा किया, जिसमें छात्रों ने हिंदी में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने छात्रों के उत्साह और हिंदी बोलने के अंदाज की सराहना करते हुए कहा कि यह देखकर उन्हें बेहद खुशी हुई।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने बताया कि यह पीएम मोदी का उज्बेकिस्तान का चौथा दौरा होगा। इससे पहले उन्होंने 2015 में उज्बेकिस्तान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों का दौरा किया था और फिर 2016 और 2022 में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में शामिल होने के लिए वहां गए थे।



### प्रधानमंत्री मोदी ने यांगी उज्बेकिस्तान पार्क में अर्पित की पुष्पांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में यांगी उज्बेकिस्तान पार्क पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव भी उनके साथ मौजूद रहे। यांगी उज्बेकिस्तान पार्क देश के प्रमुख और बड़े सार्वजनिक पार्कों में शामिल है। इसका उद्घाटन 31 अगस्त 2021 को उज्बेकिस्तान की स्वतंत्रता की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर किया गया था।

## एफएसएसएआई ने बिगाड़ा एवेरेस्ट की हींग का जायका

### चिकन और गरम मसालों पर भी ऐक्शन

**प्रतिबन्ध**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और लालजी गोधू एंड कंपनी के खिलाफ तगड़ा ऐक्शन लिया गया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इन कंपनियों की ओर से बनाए जाने वाले कंपाउंडेड हींग यानी मिलावटी रूप में तैयार की जाने वाली हींग के प्रोडक्शन और बिक्री पर तुरंत रोक लगा दी है। यह कार्रवाई जांच के दौरान लिए गए कुछ सैंपल के खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के तय मानकों पर खरे नहीं उतरने के बाद की गई है। जांच में कुछ उत्पाद मानकों से कम गुणवत्ता वाले, नियमों के खिलाफ और गलत लेबल वाले पाए गए। FSSI ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि इन कंपनियों के खिलाफ रोक संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।





- खराब गुणवत्ता वाली हींग बेचने की शिकायत
- लालजी गोधू एंड कंपनी पर ही हुआ ऐक्शन

>> (शेष पेज 06 पर)

## लखनऊ में अंधेरा छाया, 20 शहरों में बारिश ■ नेपाल से बहकर दो लाशें आईं

# चित्रकूट में मंदाकिनी उफनाई मंदिर-पुल डूबे, सामान बहा

**अलर्ट**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी/लखनऊ। यूपी में लगातार हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। 16 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। चित्रकूट में पिछले 14 घंटे से हो रही जोरदार बारिश से मंदाकिनी नदी में अचानक बाढ़ आ गई। रामघाट और भरतघाट पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। घाट किनारे बने मंदिर और दुकानें डूब चुकी हैं।

मंदाकिनी नदी पर बना 25 फीट ऊंचा बड़ा पुल टूट गया है। सड़कों पर नावें चल रही हैं। नयागांव राजमहल के अंदर तक पानी पहुंच गया है। एसडीआरएफ की टीमें लोगों को




■ चित्रकूट घाट पूरी तरह मंदाकिनी नदी के पानी में डूब चुका है।

रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं। सती अनुसूइया आश्रम की रेलिंग और आसपास के घरों का सामान बह गया है। प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। गंगा पर बने बक्शी बांध के पास एक ट्रक नदी में गिर गया। नेपाल में मची तबाही के बाद कुशीनगर की नारायणी नदी में शव बहकर आने का सिलसिला जारी है। शनिवार 2 और शव बरामद हुए। पुलिस और SDRF की टीम ने शवों को बाहर निकाला। इससे पहले गुरुवार को 6 शव बरामद हुए थे। इधर, शनिवार को लखनऊ, वाराणसी, कानपुर समेत 20 शहरों में बारिश हुई। लखनऊ में दोपहर में अंधेरा छा गया और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच तेज बारिश शुरू हो गई।

**प्रयागराज में गंगा-यतमुना का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। नागवासुकी मंदिर और बक्शी बांध के बीच रास्ते का संपर्क टूट गया है। रोड पूरी तरह डूब गई है। नागवासुकी मंदिर के गेट तक पानी पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में 1 मीटर से अधिक पानी बढ़ा है।**

### गोंडा में मूसलाधार बारिश से तापमान गिरा अगले 3 घंटे के लिए अलर्ट जारी

गोंडा में शनिवार सुबह 11 बजे से गोंडा में हल्की हवाओं के साथ लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है और जिले में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन घंटे में गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, सीतापुर और मिर्जापुर में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



■ घाट की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर झरने की तरह पानी बह रहा है।

### चित्रकूट में मंदाकिनी खतरे के निशान से ऊपर, मंदिर डूबा, सड़क पर नाव चल रही

चित्रकूट में भारी बारिश और पहाड़ों से उतर रहे पानी के कारण चित्रकूट में नदी-नाले उफान पर हैं। कई बांध लबालब भर चुके हैं। मंदाकिनी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से करीब पांच मीटर ऊपर पहुंच गया है, जबकि पिछले 12 घंटे में यमुना का जलस्तर भी करीब एक मीटर बढ़ गया। मारकुंडी क्षेत्र के टिकरिया डोंडा बांध के भर जाने के बाद गेट के बगल में छेद हो गया है, जिससे पानी तेजी से बह रहा है। बांध टूटने की आशंका के चलते डोंडा माफी के अलावा लल्लू का पुरवा, चौकी पुरवा और अहिरान की बस्तियों के ग्रामीण गांव खाली कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच रहे हैं।

## साउथ अभिनेता पोसानी कृष्णा मुरली पत्नी संग काशी पहुंचे रिक्शे पर घूमे, बनारसी साड़ी खरीदी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी। दक्षिण भारतीय अभिनेता और निर्देशक पोसानी कृष्णा मुरली इन दिनों पत्नी कुसुमा लता के साथ काशी में हैं। शनिवार को दोनों ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन किए। रिक्शे से बनारस की गलियां घूमे।

अभिनेता ने पत्नी के लिए प्रसिद्ध बनारसी साड़ी खरीदी। स्थानीय बाजार और पुरानी गलियों में घूमकर उन्होंने काशी की संस्कृति और पारंपरिक माहौल को करीब से देखा। पोसानी कृष्णा मुरली ने शहर में हुए विकास कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि काशी का बदला हुआ स्वरूप और यहां का वातावरण मुझे पसंद आया, इसलिए मेरा बार-बार यहां आने का मन करता है। पोसानी कृष्णा मुरली ने पत्नी कुसुमा लता के लिए बनारसी साड़ी खरीदी। उन्होंने साड़ी की बुनाई और इसकी खासियत के बारे



में भी जानकारी ली। इसके बाद दोनों रिक्शे से काशी की गलियों में घूमे और रिक्शा चालक को 300 रुपये दिए। काशी भ्रमण के बाद पोसानी कृष्णा मुरली पत्नी कुसुमा लता के साथ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा विश्वनाथ का विधिवत दर्शन-पूजन किया। मंदिर से बाहर आने के बाद उन्होंने काशी की जमकर तारीफ की। अभिनेता ने कहा कि काशी उन्हें बहुत अच्छा शहर लगा।

पोसानी कृष्णा मुरली ने बताया कि वह इससे पहले भी फिल्म के सिलसिले में वाराणसी आ चुके हैं, लेकिन इस बार शहर का स्वरूप काफी बदला हुआ नजर आया।

**फास्ट न्यूज**

### युवक ने पत्नी-बच्चों का गला रेतने की कोशिश की

हंडिया। प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के बनपुरवा गांव में एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां पारिवारिक विवाद के बीच एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी, भाई की पत्नी और बच्चों पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। घटना की सूचना पर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कमरे का दरवाजा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

### सड़क पर जमा पानी में लेट गए सपा नेता

वाराणसी। वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर क्षेत्र स्थित पार्क के सामने समाजवादी पार्टी के बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अमन यादव ने सड़क पर जमा पानी में स्नान कर विरोध जताया। वह सड़क पर लेट गये जब प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने नगर निगम और प्रशासन पर शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। अमन यादव ने आरोप लगाया कि 29 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के दौरान उनके आवागमन को देखते हुए सड़क से पानी निकालने की अस्थायी व्यवस्था की गई थी।

### गोरखपुर की क्षेत्रीय टीम में बढ़ सकते हैं पद

गोरखपुर। भाजपा की ओर से प्रदेश और जिलों की कार्यकारिणी घोषित की जा चुकी है। इन दोनों कार्यकारिणी में जगह बनाने से चूक गए नेताओं का पूरा फोकस किसी तरह क्षेत्रीय टीम में जगह पाने पर है। अपने-अपने स्तर से ये नेता लगातार जोड़-तोड़ में भी लगे हैं। ऐसे जिले जिनके जिलाध्यक्ष पिछले कुछ वर्षों में बदले हैं, वे भी क्षेत्रीय टीम में जगह पाने की कोशिश में लगे हैं।

## बाग में पेड़ से लटकता मिला 18 वर्षीय युवक का शव, गांव में मचा कोहराम

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर स्थित एक बाग में 18 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से फांसी के फंदे पर लटकता मिला। शव मिलने की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वहीं, परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार लालपुर गांव निवासी अजय पांडेय (18) पुत्र कमलेश पांडेय का शव शनिवार को गांव के बाहर स्थित बाग में एक छुहारिया के पेड़ से लटकता मिला। बताया जा रहा है कि किसी ग्रामीण की नजर पेड़ से लटक रहे शव पर पड़ी, जिसके बाद उसने इसकी सूचना गांव में दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

घटना की जानकारी पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। युवक का



शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना मोहम्मदपुर खाला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि, पुलिस की ओर से अभी मौत के कारण को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है।

## वार्डों में धुआं भरा, अफरा-तफरी मची, गोद में बच्चों को लेकर भागे परिजन

# 5 मंजिला अस्पताल में आग लगी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली । यूपी में बरेली के 5 मंजिला नवोदय हॉस्पिटल में शनिवार सुबह आग लग गई। आग सुबह 10 बजे टॉप फ्लोर पर बने एक कमरे में लगी। कुछ ही देर में आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते धुआं पूरे अस्पताल में भर गया। जैसे ही फायर अलार्म बजा, अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। वार्डों में भर्ती मरीजों को उनके परिजन जैसे-तैसे बाहर लेकर भागने लगे। नवजात बच्चों को उनके मां-बाप गोद में लेकर बाहर की ओर दौड़े। वहीं, अस्पताल कर्मी आईसीयू में एडमिट गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर पर बाहर निकालकर लाए। जिस वक्त हादसा हुआ, उस वक्त हॉस्पिटल की ओपीडी भी भरी थी। ICU समेत बाकी वार्डों में करीब 100 मरीज और तीमारदार थे। पुलिस और फायर




■ वार्ड में धुआं देखकर अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके तीमारदार घबरा गए। नवजात बच्चों को गोद में लेकर बाहर की ओर भागे।

ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर टीम ने अस्पताल में बगल की बिल्डिंग से पानी डाला। करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। अस्पताल प्रशासन ने एम्बुलेंस की मदद से सभी मरीजों को नजदीकी अस्पतालों में शिफ्ट कराया। घटना इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मिनी बाईपास की है। शुरुआती जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फायर ब्रिगेड कर्मचारी कपिल सिंह ने बताया- ऊपरी मंजिल पर 4-5 लोग फंसे हुए थे। धुआं ज्यादा होने की वजह से रेस्क्यू में परेशानी हुई। टीम ने तत्काल ऊपर पहुंचकर सभी को सीढ़ी के रास्ते नीचे उतारा। आग लगने के कारण, प्रवेश और निकास के रास्तों समेत अस्पताल में मौजूद अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जांच की जा रही है।

### बगल के अस्पतालों में शिफ्ट किए गए मरीज

अस्पताल के मालिक उमेश गंगवार ने बताया कि अस्पताल की सबसे ऊपरी मंजिल पर रेस्ट रूम है। उसी में आग भड़की। कमरे में सोफे वगैरह होने की वजह से आग फैलने लगी। इससे काफी धुआं उठा। फायर ब्रिगेड की टीम ने समय से पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। इससे आग अन्य फ्लोर तक नहीं फैली, लेकिन धुएं की वजह से हर फ्लोर पर फायर अलार्म बजने लगे। उन्होंने बताया- एहतियातन अस्पताल खाली कराया गया। बगल के राज अस्पताल और प्रसाप अस्पताल से संपर्क कर सभी मरीजों को वहां शिफ्ट कराया गया। हमारे कर्मचारी भी शिफ्ट किए गए हैं। मरीजों की निगरानी कर रहे हैं। डॉ. उमेश गंगवार ने बताया- अस्पताल के टॉप फ्लोर का इस्तेमाल आम तौर पर नहीं होता है। वहां लोगों की आवाजाही भी कम रहती है। अस्पताल में अग्निशमन के जरूरी इंतजाम मौजूद हैं। ऊपर बनी कैंटीन भी करीब डेढ़ साल से बंद है। वहां कोई गतिविधि नहीं होती। आग से केवल एक-दो सोफे जलने की जानकारी है। किसी मरीज या अन्य व्यक्ति को नुकसान नहीं हुआ है।

**आग पर काबू पाए जाने के बाद पूरे अस्पताल की तलाशी ली गई, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बिल्डिंग में कोई भी फंसा नहीं है।**

## सीएमओ ने दवा गोदाम सील किया, दो फार्मासिस्ट भी सस्पेंड, बेटी को था तेज बुखार

# यूपी में एसडीएम की बेटी को एक्सपायरी इंजेक्शन लगाया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में शुक्रवार को SDM की बेटी को एक्सपायरी इंजेक्शन लगाने का मामला सामने आया था। जांच के बाद दो फार्मासिस्टों को सस्पेंड कर दिया गया। शनिवार सुबह सीएमओ के निर्देश पर दवा का गोदाम भी सील कर दिया गया।

लालगंज एसडीम वाचस्पति सिंह की 8 साल की बेटी को तेज बुखार था। शुक्रवार दोपहर 3 बजे उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। यहां फार्मासिस्ट ने ग्लूकोज में पैरासिटामोल इंजेक्शन डालकर लगा दिया था। SDM के नौकर ने इंजेक्शन की एक्सपायरी डेट पर पड़ी। उसने इसकी जानकारी एसडीएम को दी थी। एसडीएम ने डॉक्टर समेत




अस्पताल के कर्मचारियों को भी फटकार लगाते हुए मामले की शिकायत CMO से की थी। मामला जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर लालगंज का है। लालगंज एसडीएम वाचस्पति सिंह की 8 साल की बेटी श्रेयसी सिंह को शुक्रवार दोपहर तेज बुखार हो गया। SDM वाचस्पति सिंह ने आरोप लगाया कि फार्मासिस्ट अरविंद कुमार शुक्ला ने स्टोर से एक्सपायरी पैरासिटामोल इंजेक्शन निकालकर फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे को दिया। देव ने बिना एक्सपायरी तिथि की जांच किए यह इंजेक्शन लगा दिया। इसी दौरान मेरे कर्मचारी ने एक्सपायरी पैरासिटामोल इंजेक्शन और ग्लूकोज को देखा। इसके बाद नौकर तुरंत फार्मासिस्ट से इस बारे में पूछा। इस पर फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे ने उचित जवाब नहीं दिया। एसडीएम वाचस्पति सिंह ने इसे दवा के उपयोग और मरीज की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर लापरवाही माना गया है।




### सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ डॉ. ए.एन. प्रसाद ने शुक्रवार को सीएचसी लालगंज और ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध दवाओं के स्टॉक, उनके रखरखाव और भंडारण व्यवस्था की गहन जांच की गई। निरीक्षण के अगले दिन शनिवार सुबह अस्पताल के स्टोर से एक्सपायरी दवाओं को सील कर दिया। जिसके बाद हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान स्टोर में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं मिलीं, जिन्हें अलग किया जा रहा था।



■ SDM की बेटी को एक्सपायरी इंजेक्शन लगाने पर CMO से शिकायत की। जिसके बाद दो फार्मासिस्ट को सस्पेंड कर दिया।

### जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद तय होगी जिम्मेदारी

सीएमओ डॉ. ए.एन. प्रसाद ने बताया कि एक्सपायरी दवा लगाए जाने की सूचना मिलने के बाद जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने तक जिन लोगों की लापरवाही सामने आई है, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## मुख्य आरक्षी के खिलाफ भाकियू ने खोला मोर्चा

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला कोतवाली क्षेत्र की छेदा पुलिस चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी ज्ञानेन्द्र सिंह के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने मुख्य आरक्षी पर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा विभिन्न मामलों में कथित तौर पर अवैध वसूली किए जाने के आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष निर्मल वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फतेहपुर के एसडीएम कार्तिकेय सिंह को ज्ञापन सौंपकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में भाकियू पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि छेदा पुलिस चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। संगठन का आरोप है कि सरकारी प्राथमिक विद्यालय टेपरा में मिट्टी भराई के कार्य के एवज में 10 हजार

■ **एसडीएम को सौंपा ज्ञापन अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली के आरोप, कार्रवाई न होने पर चौकी घेराव की चेतावनी**

रुपये की मांग किए जाने की शिकायत सामने आई है। इसके अलावा ग्रामीण द्वारा घर की पटाई के लिए ऑनलाइन अनुमति लिए जाने के बावजूद कथित रूप से काम रुकवाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में एक सुलहनामे की कॉपी फाड़कर फेंकने का भी आरोप लगाया गया है। भाकियू ने इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन का कहना है कि किसानों और आम ग्रामीणों को पुलिस चौकी से संबंधित कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए और यदि किसी मामले में शिकायत है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

**वारदात :** घर से 500 मीटर दूर घेरकर मारा, पहले से घात लगाए बैठे थे हमलावार

# बरेली में भाजपा नेता की चाकू से गोदकर हत्या

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली। बरेली में बीजेपी नेता की शुक्रवार देर रात करीब 10:30 बजे घर से करीब 500 मीटर दूर चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वह रात में खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। पहले से घात लगाए हमलावरों ने उन्हें पकड़ लिया और चाकू से हमला कर दिया।

भाजपा नेता की चीख-पुकार सुनकर लोग दौड़े तो आरोपी बाइक से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता को लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात जिला मुख्यालय से करीब 2.5 किलोमीटर दूर सुभाषनगर थाना क्षेत्र की है।

भाजपा नेता की पहचान सचिन कश्यप (28) के रूप में हुई है।




वह भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष थे। परिजनों की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। हत्या की वजह के पीछे पैसों के लेनदेन का विवाद सामने आ रहा है। बरेली के मांझे वाली बगिया इलाके में सचिन कश्यप (28) परिवार के साथ रहते थे। वह प्रिंटिंग प्रेस में काम करता करते थे। भाई सनी ने बताया- उनकी शादी हो चुकी थी। परिवार में मां गुड़िया देवी, पिता चंद्र प्रकाश, दो भाई और पांच बहनें हैं। उनके अलावा घर में सचिन की पत्नी और तीन बच्चे महिमा (12) अरुणा (8) शिवांश (4) भी रहते हैं। सचिन मणिनाथ मंडल के भाजपा ओबीसी मोर्चा का उपाध्यक्ष भी थे। शुक्रवार रात खाना खाने के बाद सचिन करीब 10 बजे घर से टहलने निकले थे।

**सीओ नितिन कुमार ने बताया-आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।**



### पैसे को लेकर हुआ था विवाद

भाई के मुताबिक, सचिन का कुछ समय पहले पैसे के लेनदेन को लेकर बाबू नाम के युवक से विवाद हुआ था। बाद में स्थानीय लोगों और जान-पहचान वालों के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। इसके बावजूद वे लोग सचिन से दुश्मनी रखते थे। उन्होंने ही उसकी हत्या की है। हमारी मांग है कि हत्यारोपियों का एनकाउंटर किया जाए ताकि परिवार को न्याय मिल सके।

# कबड्डी के रोमांचक मुकाबलों के साथ तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को किया गया नमन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शनिवार को उत्साह और रोमांच के बीच शानदार समापन हुआ। अंतिम दिन छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी के फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान मैदान में मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और रोमांचक क्षणों का आनंद लिया। समापन समारोह की शुरुआत हॉकी के महान खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान वक्ताओं ने मेजर ध्यानचंद के खेल जगत में दिए गए अमूल्य योगदान



को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक विपिन सिंह राठौर ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला हैं। नियमित रूप से खेलों में भाग लेने से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। वहीं, प्राचार्य डॉ. दिनेश शुक्ला ने कहा कि खेल आपसी मतभेदों को समाप्त कर सभी को एक मंच पर लाने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। खेल के मैदान में खिलाड़ी जाति, धर्म और अन्य भेदभाव से ऊपर उठकर टीम भावना के साथ एक-दूसरे का सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, इसलिए विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में खेलों को महत्वपूर्ण स्थान देना चाहिए। तीन दिवसीय खेल महोत्सव के दौरान महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

### बास्केटबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती और जिम की सुविधा मिलेगी, नई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा

# अयोध्या में 18 करोड़ से बनेगा मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**निर्माण**

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। रामनगरी के खिलाड़ियों को अब आधुनिक खेल सुविधाओं के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। वशिष्ठ कुंड वार्ड में 17 करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए की लागत से मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। करीब 4684 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाले इस कॉम्प्लेक्स को एक साल में पूरा करने का लक्ष्य है।

शनिवार को खेल दिवस पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने वैदिक विधि-विधान से भूमि पूजन कर परियोजना का शिलान्यास किया। महापौर ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं वाला यह कॉम्प्लेक्स अयोध्या के खिलाड़ियों को बेहतर मंच देगा। इससे नई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में खेल क्षेत्र में योगदान देने वाले 10 खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनमें बास्केटबॉल कोच चंदेश्वर पांडेय, वॉलीबॉल के शिवेंद्र सिंह और अनुज मिश्रा, कबड्डी के मुकेश निषाद, एथलेटिक्स के गोलू मौर्य, क्रिकेट के रंगेशमणि त्रिपाठी, बैडमिंटन के अनूप दुबे, हॉकी के राजेश श्रीवास्तव, वॉलीबॉल के सालिकराम यादव और एथलेटिक्स की नीतू गुप्ता शामिल रहीं। वशिष्ठ फाउंडेशन ने साइकिलिंग में प्रतिभा दिखा रही 15 वर्षीय बेबी को स्वर्गीय अमित सिंह अश्मित सम्मान दिया।


महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने भूमिपूजन कर मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की शुरूआत की।

> कॉम्प्लेक्स का कुल क्षेत्रफल करीब 4684 वर्गमीटर होगा। इसमें 3064 वर्गमीटर में मुख्य भवन बनेगा। बेसमेंट करीब 1372 वर्गमीटर, भूतल 1664 वर्गमीटर और प्रथम व द्वितीय तल करीब 789 वर्गमीटर में विकसित किया जाएगा। करीब 91 वर्गमीटर में टेरेस भी होगा।

### बास्केटबॉल से कुश्ती और जिम तक की सुविधा

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय के अनुसार, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनने वाले कॉम्प्लेक्स में बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, कुश्ती कोर्ट, जिम्नेशियम और टेबल टेनिस हॉल होगा। इसके अलावा बहुउद्देशीय हॉल, कॉन्फ्रेंस रूम, कैफेटेरिया-किचन, कोच रूम और कार्यालय भी बनाए जाएंगे। परिसर में शौचालय, लिफ्ट, सीढ़ियों और पार्किंग की सुविधा होगी। चार पहिया और दोपहिया वाहनों के लिए भी पार्किंग उपलब्ध रहेगी।

# अकबरपुर में 26,800 महिलाओं ने की मुफ्त यात्रा

### अम्बेडकरनगर में दो दिनों में उठाया मुफ्त यात्रा का लाभ

तमसा संकेत, एजेंसी



अम्बेडकरनगर । रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को दी गई मुफ्त बस यात्रा सुविधा का अकबरपुर डिपो क्षेत्र में व्यापक लाभ उठाया गया। इस पहल के तहत, बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने भाइयों के घर पहुंचने और पर्व मनाने के लिए बसों का उपयोग किया। त्योहार के दौरान बस स्टेशनों और विभिन्न रूटों पर चलने वाली बसों में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई, जो तीसरे दिन भी जारी रही।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं को दी गई यह विशेष सुविधा 27 अगस्त की रात 12 बजे से 29 अगस्त की रात 12 बजे तक प्रभावी रही। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को त्योहार के अवसर पर बिना किसी आर्थिक बोझ के अपने गंतव्य तक पहुंचने में सहायता प्रदान करना था। अकबरपुर डिपो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 अगस्त को लगभग 5,783 यात्रियों ने मुफ्त यात्रा सुविधा का लाभ उठाया। यह संख्या योजना के पहले दिन ही महिलाओं की उत्साह-जनक भागीदारी को दर्शाती है।

रक्षाबंधन के मुख्य पर्व, 28 अगस्त को यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस दिन करीब 21,018 महिलाओं ने बसों से मुफ्त यात्रा की। यह आंकड़ा दर्शाता है कि त्योहार के दिन बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस सुविधा का उपयोग किया। डिपो संचालक लक्ष्मी देवी ने बताया कि 27 और 28 अगस्त को मिलाकर कुल 26,800 से अधिक यात्रियों ने मुफ्त बस यात्रा योजना का लाभ उठाया है।

**फास्ट न्यूज़**

### प्रयागराज में गंगा के पानी में डूबा ट्रक

प्रयागराज । प्रयागराज में गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा किनारे बनी रिवर फ्रंट रोड का एक हिस्सा पानी में डूब गया है जिसपर एक ट्रक शुक्रवार शाम को रोड पर जाने से गंगा के पानी में जा फंसा। पिछले 24 घंटे से में 1 मीटर से अधिक की बढ़ोतरी होने से सड़क डूब गई है जिसपर शाम को ड्राईवर ट्रक लेकर सलोरी से नागवासुकी मंदिर की तरफ बढ़ रहा था लेकिन पानी की गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण ट्रक चालक ने वाहन आगे बढ़ा दिया ।

### अयोध्या अस्पताल में ठेले पर ले जाया गया शव

अयोध्या । अयोध्या के जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी में मरीज की मौत के बाद शव को ठेले पर ले जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसके बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल वीडियो शुक्रवार 28 अगस्त शाम का बताया जा रहा है। सब्जी मंडी निवासी मृतक के परिजनों का आरोप है कि शव घर ले जाने के लिए उन्होंने अस्पताल में शव वाहन मांगा, लेकिन कर्मचारी उन्हें एक-दूसरे के पास भेजते रहे। परिजनों के मुताबिक, मरीज की मौत के बाद उन्होंने अस्पताल स्टाफ से शव वाहन उपलब्ध कराने को कहा।

### आरक्षण सुधार आंदोलन: प्रयागराज में 30 अगस्त को प्रदर्शन

प्रयागराज। प्रयागराज में आरक्षण व्यवस्था में सुधार और यूजीसी रेगुलेशन वापस लेने की मांग को लेकर 30 अगस्त को एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आरक्षण सुधार आंदोलन समिति द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन में सुबह 9 बजे सिविल लाइंस स्थित पत्थर गिरजाघर धरना स्थल पर धरना-प्रदर्शन होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे पत्थर गिरजाघर से चंद्रशेखर आजाद पार्क तक पदयात्रा निकाली जाएगी।

# कचरे से कंचन: राखियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

### डॉ. ए.के. पब्लिक स्कूल में 'बंधन स्वच्छता का' कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। रक्षाबंधन के अवसर पर नगर पालिका परिषद अकबरपुर और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. ए.के. पब्लिक स्कूल में 'बंधन स्वच्छता का' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं ने जीरो वेस्ट सामग्री से राखियां तैयार कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने अनुपयोगी और पुनः उपयोग योग्य सामग्री को रचनात्मक तरीके से इस्तेमाल किया। इससे तैयार राखियों के जरिए 'कचरे से कंचन' और कचरे के पुनः उपयोग का संदेश दिया गया। बेहतर राखियां तैयार करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल प्रशांत शर्मा ने प्रदान किए। नगर पालिका परिषद अकबरपुर के अधिशासी अधिकारी राजमणि ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते के साथ समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देने का भी अवसर है। जीरो वेस्ट सामग्री से राखियां तैयार करना बच्चों की रचनात्मकता के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदंबा प्रसाद, वाइस प्रिंसिपल प्रशांत शर्मा, नगर पालिका के स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जसवंत सिंह यादव, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के राहुल यादव और आशीष शुक्ला मौजूद रहे।

### जैतपुर की बाग में घेराबंदी के दौरान पुलिस से हुई मुठभेड़

# 25 हजार का इनामी पप्पू मुठभेड़ में घायल, दबोचा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जैतपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली। जैतपुर पुलिस, स्वाट और सर्विलांस की संयुक्त टीम की कार्रवाई में 25 हजार रुपये का इनामी वांछित आरोपी पप्पू मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक अपराधियों की तलाश और संदिग्ध वाहनों की जांच के लिए टीम क्षेत्र में सक्रिय थी। शाम करीब 5:40 बजे जैतपुर गांव में रामधारी मौर्या आदि की बाग के पास टीम का सामना वांछित पप्पू से हो गया। पुलिस का दावा है कि मुठभेड़ के दौरान आरोपी की ओर से गोली चलाए जाने पर जवाबी कार्रवाई की गई। इसमें पप्पू को गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



पप्पू पुत्र चंद्रिका प्रसाद सीतापुर के थानगांव थाना क्षेत्र स्थित ग्वारी चमारन का पुरवा का रहने वाला है। उसकी उम्र करीब 23 वर्ष है। जैतपुर थाने में दर्ज दो मुकदमों में वह वांछित था। इन मामलों में बीएनएस की धारा 305(ए), 331(4) और 317(2) के तहत कार्रवाई की गई है। इन्हीं मामलों में उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

> तलाशी के दौरान पुलिस ने 315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी के पास बिना नंबर प्लेट की स्पेलेंडर प्लस बाइक भी मिली। इसके अलावा पीली धातु की एक चेन, दो अंगूठियां और 1,750 रुपये नकद बरामद किए गए।

# बस में सवार हुए मंत्री राजभर परखी मुफ्त यात्रा की हकीकत

तमसा संकेत, संवाददाता



> अंबेडकरनगर से अतरौलिया तक किया रोडवेज बस से सफर, महिला यात्रियों से बातचीत कर जानी सुविधा की स्थिति

अंबेडकरनगर। रक्षाबंधन पर शुक्रवार को सुभासपा अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने रोडवेज बस में सफर कर मुफ्त यात्रा सुविधा की जमीनी हकीकत परखी। उन्होंने अंबेडकरनगर से अतरौलिया तक आम यात्रियों के बीच बस से यात्रा की।सफर के दौरान मंत्री ने महिला यात्रियों से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि रक्षाबंधन पर सरकार की ओर से दी जा रही मुफ्त बस यात्रा की सुविधा का लाभ मिल रहा है या नहीं। यात्रियों से योजना के क्रियान्वयन को लेकर जानकारी ली। मंत्री ने अपने और साथ चल रहे स्टाफ के टिकट भी खुद खरीदे। रोडवेज बस में आम यात्रियों के बीच सफर करने और व्यवस्था को नजदीक से देखने का उनका अंदाज चर्चा में रहा। यह निरीक्षण 'अहिल्याबाई होलकर मातृशक्ति यात्रा योजना' के तहत रक्षाबंधन पर महिलाओं को दी गई मुफ्त बस यात्रा सुविधा की जमीनी स्थिति जानने के लिए किया गया। मंत्री ने यात्रा के दौरान यह भी देखा कि सरकारी सुविधा का लाभ यात्रियों तक किस तरह पहुंच रहा है। रक्षाबंधन के दिन बस में अचानक मंत्री के पहुंचने से यात्रियों के बीच भी चर्चा शुरू हो गई। आम यात्रियों के साथ सफर कर उन्होंने सरकारी व्यवस्था को मौके पर परखने का प्रयास किया।

### एनटीपीसी टांडा-डालिम्स में साहित्य संगम का समापन, नाटक, कविता और शब्दावली परेड ने बांधा समां

# मंच पर उतरी महाभारत 'रीढ़ की हड्डी' ने भी झकझोरा

> कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने 'कटघरे में हिंदी' विषय पर नुक्कड़ नाटक पेश किया। प्रस्तुति में हिंदी की मौजूदा स्थिति और सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व को सामने रखा गया। इसके बाद अंग्रेजी कविता पाठ ने कार्यक्रम में भाषाई विविधता जोड़ी।

तमसा संकेत, संवाददाता

टांडा (अंबेडकरनगर)। साहित्य, कला और रंगमंच की विविध प्रस्तुतियों के साथ एनटीपीसी परिसर स्थित डालिम्स प्रेक्षागृह में बृहस्पति-वार को 'साहित्य संगम' का समापन हुआ। विद्यार्थियों ने नाटक, नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ और मूक अभिनय के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध नाटककार जगदीशचंद्र माथुर की रचना 'रीढ़ की हड्डी' का लघु नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया। अभिनय और संवादों के माध्यम से सामाजिक रूढ़ियों और मानसिकता पर सवाल उठाए गए। समारोह में मुख्य अतिथि अमर उजाला के समाचार ब्यूरो चीफ प्रमन श्रीवास्तव मौजूद रहे। उनके साथ डाली अरोड़ा, एनटीपीसी के पीआरओ यश सोनकर और मानव संसाधन प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। प्रमन श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि साहित्य युवाओं में संवेदनशीलता और विवेक विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य सुमित अरोड़ा ने समापन पर अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि 'साहित्य संगम' विद्यार्थियों की कल्पनाशी-लता, भाषिक क्षमता और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का मंच है।




#### बिना संवाद के महाभारत ने जीता दिल

कक्षा 12 के विद्यार्थियों का मूक नाटक कार्यक्रम का खास आकर्षण रहा। महाभारत की कथा को बिना संवाद के भाव-भंगिमा, अभिनय और सांकेतिक प्रस्तुति के माध्यम से पेश किया गया। विद्यार्थियों के सामूहिक अभिनय और मंच संयोजन को दर्शकों ने सराहा।

कक्षा आठ के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में नाटक प्रस्तुत किया। वहीं छोटे बच्चों की 'शब्दावली परेड' ने कार्यक्रम में खास रंग भर दिया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया।

# मादक पदार्थ तस्करों पर सख्त कार्रवाई होगी

> अम्बेडकरनगर में एनकॉर्ड समिति की बैठक में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने पर जोर

**बैठक**

तमसा संकेत, एजेंसी

अम्बेडकरनगर । डीएम ईशा प्रिया की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय एनकॉर्ड (NCORD) समिति की बैठक हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों की रोकथाम और उनकी तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और कार्रवाई की समीक्षा करना था।

बैठक में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को मादक पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध कड़ी और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े संवेदन-शील क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।




जिलाधिकारी ने अधिकारियों से विभागीय समन्वय के साथ अभियान चलाकर नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने युवाओं और आमजन को नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए ठोस कदम उठाने पर भी जोर दिया।

# राखी के रंग में रंगा जलालपुर भाई बहन के रिश्ते की दिखी मिठास



तमसा संकेत, संवाददाता

> सुबह से घरों में चलीं तैयारियां, बाजारों में राखी और मिठाई खरीदने उमड़ी भीड़

जलालपुर (अंबेडकरनगर)। भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को जलालपुर नगर क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने स्नान-ध्यान के बाद पूजा की थाली सजाई और शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर राखी बांधी।

बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और आरती उतारकर उनकी सुख-समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार दिए।

रक्षाबंधन को लेकर नगर के बाजारों में भी रौनक रही। राखी और मिठाई की दुकानों पर दिनभर खरीदारों की आवाजाही बनी रही। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर बच्चों और युवाओं में भी खास उत्साह नजर आया।

कई घरों में पर्व के लिए विशेष पकवान बनाए गए।

### मुकाबला : बेनीपुर में अंतर्जनपदीय कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल

# एक अंक का रोमांच, भीटी ने जीता कबड्डी का खिताब

### भीटी ने बेनीपुर को 12-11 से हराया

तमसा संकेत, संवाददाता

बेनीपुर (अंबेडकरनगर)। रक्षाबंधन के अवसर पर बेनीपुर ग्राम सभा में आयोजित एक दिवसीय अंतर्जनपदीय कबड्डी टूर्नामेंट का खिताब भीटी की टीम ने अपने नाम कर लिया। बेहद रोमांचक फाइनल में भीटी ने मेजबान बेनीपुर को 12-11 से हराया। मुकाबले का फैसला महज एक अंक से हुआ।

स्वर्गीय रामकिशोर पांडेय और स्वर्गीय सुशील कुमार तिवारी की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी उमेश द्विवेदी ने किया। पहला मुकाबला कटेहरी और पूरा बाजार के बीच हुआ, जिसमें पूरा बाजार ने जीत दर्ज कर अगले चरण में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में बेनीपुर ने पूरा बाजार को 13-9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में भीटी की टीम ने किसान शहीद स्मारक की टीम को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट हासिल किया। फाइनल में बेनीपुर और भीटी के खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों ने लगातार अंक हासिल करने के लिए जोर लगाया। आखिर में भीटी ने 12-11 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा कर लिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के प्रभारी, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं योग गुरु शैलेंद्र कुमार दुबे भी मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



> समापन समारोह में मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर अशोक कुमार तिवारी ने विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खेलों को अनुशासन, बेहतर स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

प्रतियोगिता के आयोजक समिति के अध्यक्ष रमन सिंह रहे। स्कोर की जिम्मेदारी सुरेंद्र सिंह और दीपक पांडेय ने संभाली। मुलायम यादव, अंकित दुबे और लकी सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई। समापन के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# साइकिल के पहियों पर फिटनेस का संदेश, सड़क पर उतरी पुलिस



तमसा संकेत, संवाददाता

> राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' थीम के साथ निकली साइकिल यात्रा, स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी लिया हिस्सा

अंबेडकरनगर। राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 पर शनिवार को अम्बेडकरनगर पुलिस ने साइकिल यात्रा निकालकर खेल और फिटनेस का संदेश दिया। मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने किया। 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' थीम के तहत आयोजित यात्रा में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा उनके परिजनों ने भी भाग लिया। प्रतिभागियों ने साइकिल चलाकर नियमित व्यायाम और शारीरिक सक्रियता को दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया। साइकिल यात्रा के माध्यम से पुलिस ने आमजन को खेलों के प्रति जागरूक करने के साथ स्वस्थ और फिट जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं और आमजन में खेल भावना तथा शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। अंबेडकरनगर पुलिस ने 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' के संकल्प के साथ नागरिकों से खेल और फिटनेस गतिविधियों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

# सम्पादकीय

## पारित हो परिसीमन बिल



संसद के मानसून सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने से इसके आसार बने हुए हैं कि सरकार महिला आरक्षण से जुड़े परिसीमन विधेयक को पारित करने के लिए फिर से एक विशेष सत्र बुला सकती है। इसके आसार इसलिए भी हैं, क्योंकि एक तो सरकार की ओर से इस संदर्भ में लगातार संकेत दिए जा रहे हैं और दूसरी ओर विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस परिसीमन विधेयक को दोबारा पारित कराए जाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग कर रही है। कहना कठिन है कि आने वाले दिनों में ऐसा होगा या नहीं और सरकार परिसीमन विधेयक पारित कराने के लिए सितंबर में संसद का विशेष सत्र बुलाएगी या नहीं, लेकिन यदि राजनीतिक दल अगले लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण पर अमल होते हुए देखना चाहते हैं तो उन्हें परिसीमन विधेयक पर सहमति बनानी ही होगी। यदि ऐसा नहीं हो पाता तो आधी आबादी से किया गया यह वादा झूठा ही साबित होगा कि महिलाओं को विधानमंडलों में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा।

महिला आरक्षण से संबंधित परिसीमन विधेयक को केवल इसलिए हरी झंडी नहीं दिखाई जानी चाहिए, क्योंकि इसके लिए संसद सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त कर चुकी है, बल्कि इसलिए भी ऐसा किया जाना चाहिए, क्योंकि बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए लोकसभा सदस्यों की ओर से लोगों का समुचित प्रतिनिधित्व करना भी आवश्यक है।

वर्तमान में लोकसभा सदस्य औसतन 22 लाख आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक अकेले संसद सदस्य का इतनी बड़ी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व कर पाना और उसके हितों की चिंता कर पाना बहुत कठिन है। ऐसे में यह आवश्यक है कि परिसीमन विधेयक को मंजूरी देकर महिला आरक्षण का रास्ता साफ किया जाए और लोगों को संसद में समुचित प्रतिनिधित्व भी दिया जाए। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि पिछले लगभग 50 वर्षों से जनसंख्या में वृद्धि के बावजूद लोकसभा सीटों की संख्या यथावत है। इन सीटों की संख्या रोके रखना और मौजूदा 543 सीटों पर ही महिला आरक्षण लागू करने की मांग करना एक तरह से संवैधानिक आवश्यकता की जानबूझकर अनदेखी ही है। सरकार ने परिसीमन विधेयक पर सहमति बनाने के लिए सभी राज्यों में लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने का जो प्रस्ताव रखा है, वह एक उचित प्रस्ताव है। इससे किसी भी राज्य के राजनीतिक हितों की उपेक्षा नहीं होगी। यदि विपक्षी दल इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करते और परिसीमन विधेयक पर अड़ंगा लगाए रखते हैं तो फिर जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन से उन राज्यों का अहित ही होगा, जो अपने यहां जनसंख्या वृद्धि दर में कमी के चलते लोकसभा में प्रतिनिधित्व कम होने की आशंका से ग्रस्त हैं, क्योंकि तब लोकसभा सीटों की संख्या जनसंख्या के अनुपात में बढ़ेंगी।

# नेपाल की त्रासदी से भारत को सबक लेने की जरूरत





> इस त्रासदी का सबसे बड़ा संदेश जलवायु परिवर्तन से जुड़ा है। हिमालय केवल बर्फ से ढकी पर्वतमाला नहीं, बल्कि एशिया की जल-सुरक्षा का आधार है। तापमान बढ़ने के साथ ग्लेशियर तेजी से पीछे हट रहे हैं और अनेक नई ग्लेशियर झीलें बन रही हैं।

नेपाल में 26 अगस्त 2026 को आई विनाशकारी बाढ़ और हिमस्खलन ने एक बार फिर यह कठोर सत्य सामने ला दिया है कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ और पहाड़ों की संवेदनशीलता की अनदेखी मानव सभ्यता के लिए कितनी भारी पड़ सकती है। भोटेकोशी नदी तंत्र में ग्लेशियर के बड़े हिस्से के टूटने, बर्फ-पत्थरों के विशाल मलबे के नीचे आने और नदी के प्रवाह में अस्थायी अवरोध बनने के बाद अचानक बाढ़ का जो रौद्र एवं भयावह रूप सामने आया, उसने नेपाल और चीन के तिब्बती क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। 29 अगस्त तक उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार नेपाल में 579 और तिब्बत में 5 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है तथा लगभग 2,482 लोग लापता बताए जा रहे हैं। हजारों लोगों को बचाया गया है, लेकिन दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और लगातार बने नए खतरे के कारण राहत एवं बचाव कार्य अभी भी चुनौतीपूर्ण हैं। यह घटना केवल नेपाल की प्राकृतिक त्रासदी नहीं है, बल्कि पूरे हिमालयी क्षेत्र के लिए भविष्य का भयावह संकेत है। प्रारंभिक वैज्ञानिक आकलन बताते हैं कि ग्लेशियर का हिस्सा टूटकर नीचे गिरा, जिससे बर्फ, चट्टान, मिट्टी और मलबे का विशाल प्रवाह पैदा हुआ। इसने नदी के प्रवाह को अवरुद्ध किया और बाद में जमा पानी तथा मलबे के दबाव से अचानक विनाशकारी बाढ़ आई। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे घटनाक्रम को केवल सामान्य बाढ़ कहना भूल होगी, यह ग्लेशियर, भूस्खलन, मलबा-प्रवाह और नदी-बाढ़ जैसे अनेक खतरों के एक साथ सक्रिय होने वाली 'बहु-आपदा' का उदाहरण है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट के अनुसार हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र में लगभग 25,000 ग्लेशियर झीलें हैं और बढ़ता तापमान ग्लेशियर झीलों के फटने यानी (जीएलओएफ) के जोखिम को बढ़ा रहा है। नेपाल में 1920 के दशक से अब तक 90 से अधिक ग्लेशियर झील विस्फोट बाढ़ दर्ज की जा चुकी हैं। इसलिए यह मान लेना उचित नहीं होगा कि नेपाल की घटना का एकमात्र कारण ग्लोबल वार्मिंग ही है। भूकंपीय गतिविधियां, भूगर्भीय अस्थिरता, अत्यधिक वर्षा, हिमस्खलन और प्राकृतिक ढलानों की कमजोरी भी महत्वपूर्ण कारक हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन इन जोखिमों को बढ़ाने वाली पृष्ठभूमि अवश्य तैयार कर रहा है। गर्म होता हिमालय ग्लेशियरों और पर्वतीय भूभाग को अस्थिर कर रहा है, जिससे ऐसी घटनाओं की संभावित तीव्रता और व्यापकता बढ़ सकती है। वैज्ञानिकों ने भी इस बात पर सावधानी बरती है कि किसी एक घटना को सीधे जलवायु परिवर्तन का परिणाम घोषित करने के बजाय दीर्घकालिक जलवायु और भूगर्भीय बदलावों को साथ देखकर समझना चाहिए। नेपाल की घटना भारत के लिए भी गहरी चेतावनी है। इस चेतावनी से सीख लेने की जरूरत है। उत्तराखंड की केदारनाथ त्रासदी, 2021 की ऋषिगंगा आपदा और हिमालयी राज्यों में बार-बार आने वाली बाढ़, भूस्खलन एवं बादल फटने की घटनाएं पहले ही बता चुकी हैं कि पहाड़ों की सहनशीलता असीमित नहीं है। हिमालय में सड़कें, सुरंगें, जलविद्युत परियोजनाएं, होटल, बस्तियां और अन्य निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के नाम पर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या इनके लिए पर्वतीय पर्यावरण की वहन क्षमता का पर्याप्त आकलन हो रहा है? विकास जरूरी है, मगर ऐसा विकास जो पहाड़ों को खोखला करके ही संभव हो, अंततः मानव जीवन और स्वयं विकास दोनों के लिए संकट बन सकता है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता 'आपदा के बाद राहत' से आगे बढ़कर 'आपदा से पहले तैयारी' की है। अत्याधुनिक सैटेलाइट निगरानी, ड्रोन, रडार, नदी सेंसर, ग्लेशियर और ग्लेशियर झीलों की निरंतर निगरानी तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित पूर्वानुमान प्रणालियों को हिमालयी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर विकसित करना होगा। शुरुआती चेतावनी प्रणाली केवल राजधानी या प्रशासनिक केंद्र तक सीमित न रहे, बल्कि पहाड़ के अंतिम गांव तक मोबाइल संदेश, सायरन, रेडियो और स्थानीय स्वयंसेवी तंत्र के माध्यम से पहुंचे। नेपाल में वर्तमान त्रासदी के बाद भी एक और संभावित झील के फटने की आशंका ने स्पष्ट कर दिया है कि एक आपदा समाप्त होते ही दूसरी आपदा का खतरा पैदा हो सकता है। नदियां राजनीतिक सीमाओं को नहीं पहचानतीं। भोटेकोशी जैसी सीमापार नदी प्रणालियों के लिए नेपाल, चीन, भारत और अन्य हिमालयी देशों के बीच वास्तविक समय में जल-प्रवाह, वर्षा, भूस्खलन, ग्लेशियर झील और हिमस्खलन संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। किसी एक देश के पास उपलब्ध महत्वपूर्ण चेतावनी दूसरे देश के नागरिकों की जान बचा सकती है। अतः हिमालय के लिए एक साझा क्षेत्रीय आपदा-पूर्व चेतावनी नेटवर्क विकसित किया जाना चाहिए। भारत को इस दिशा में अपने हिमालयी राज्यों के लिए अलग 'माउंटेन सेफ्टी पॉलिसी' पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क या सुरंग बनाने से पहले भूगर्भीय जोखिम, जलधाराओं के प्राकृतिक मार्ग, भूस्खलन की संभावना और स्थानीय पारिस्थितिकी का वैज्ञानिक मूल्यांकन अनिवार्य होना चाहिए। अंधाधुंध वृक्ष कटाई, नदी किनारे अनियोजित निर्माण, पहाड़ों की अनावश्यक कटाई और पर्यटन के नाम पर अत्यधिक दबाव को नियंत्रित करना होगा। स्थानीय समुदायों को आपदा प्रबंधन की पहली पंक्ति बनाना होगा, क्योंकि किसी भी संकट में सबसे पहले वही लोग प्रभावित होते हैं और वही सबसे पहले सहायता भी कर सकते हैं। दुनिया को जापान, स्विट्जरलैंड और अन्य पर्वतीय देशों से आपदा-प्रबंधन, भवन सुरक्षा, पूर्व चेतावनी और स्थानीय प्रशिक्षण की तकनीक सीखनी चाहिए। हिमालय को केवल पर्यटन और आर्थिक विकास का क्षेत्र मानना अब पर्याप्त नहीं है इसे एक जीवित, संवेदनशील और अत्यंत नाजुक पारिस्थितिक तंत्र के रूप में देखना होगा। प्रकृति को नियंत्रित करने की मनुष्य की महत्वाकांक्षा जितनी बढ़ेगी, प्रकृति का प्रतिरोध भी उतना ही भयावह हो सकता है। नेपाल की त्रासदी इसलिए केवल शोक मनाने का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का क्षण है। हमें यह समझना होगा कि पहाड़ों को जीतना नहीं, उनके साथ जीना सीखना होगा। विकास की गति को प्रकृति की क्षमता के अनुरूप करना, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना, वैज्ञानिक चेतावनियों को गंभीरता से लेना और सीमापार सहयोग बढ़ाना ही भविष्य की राह है।

**ललित गर्ग**

## सरकार का तर्क ...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# मेरिट का मान, मेहनत का सम्मान, मानवता का मान



इस देश का हर नागरिक चाहता है कि जब वह अस्पताल जाए तो उसे सबसे अच्छा डॉक्टर मिले, जब उसका बच्चा स्कूल जाए तो उसे सबसे योग्य शिक्षक पढ़ाए, जब वह अदालत में न्याय मांगने जाए तो सबसे अनुभवी जज उसकी बात सुने और जब देश की सीमा पर खतरा हो तो देश की रक्षा सबसे सक्षम सैनिक के हाथों में हो। यह मांग किसी जाति, धर्म या वर्ग की नहीं है, यह हर भारतीय की स्वाभाविक मांग है। इसी मांग के कारण भारत सरकार ने कुछ संस्थानों को आरक्षण से मुक्त रखा है। सेना में आरक्षण नहीं है, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति में आरक्षण नहीं है, इसरो और डीआरडीओ जैसे वैज्ञानिक संस्थानों में आरक्षण नहीं है और आईएएस, आईपीएस की वरिष्ठ पदोन्नति में भी आरक्षण नहीं है। सवाल यह है कि इन संस्थानों को ही क्यों अलग रखा गया?

सरकार का तर्क बिल्कुल साफ है। सरकार कहती है कि रक्षा का मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा है। वहां शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती और नेतृत्व क्षमता चाहिए। वहां अगर योग्यता से समझौता किया गया तो कीमत पूरे देश को चुकानी पड़ेगी। न्यायपालिका के बारे में तर्क है कि जज का एक फैसला मिसाल बनता है, वह लाखों लोगों का भविष्य तय करता है। वहां अनुभव और कानून की गहरी समझ चाहिए, वहां आरक्षण से न्याय की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। इसरो और डीआरडीओ के बारे में कहा जाता है कि वे रॉकेट बनाते हैं, मिसाइल बनाते हैं। वहां एक छोटी सी गलती करोड़ों रुपये और देश की सुरक्षा दोनों को खतरे में डाल सकती है। इसलिए वहां भी योग्यता को ही सबसे ऊपर रखा गया है।

अब एक सीधा सा सवाल मन में उठता है। अगर देश की सुरक्षा के लिए योग्यता जरूरी है, तो देश की शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और विकास के लिए योग्यता जरूरी क्यों नहीं है? क्या एक गरीब आदमी के जीवन में डॉक्टर की भूमिका सैनिक से कम है? क्या एक बच्चे के भविष्य में शिक्षक की भूमिका वैज्ञानिक से कम है? क्या एक जिले के कलेक्टर की भूमिका किसी जज से कम महत्वपूर्ण है?

नहीं, बिल्कुल नहीं।

जब हम मान लेते हैं कि कुछ जगहों पर मेरिट से समझौता देश के लिए खतरनाक है, तो हमें यह भी मानना होगा कि हर जगह पर मेरिट से समझौता देश के लिए खतरनाक है। जनता को योग्य जन-सेवक चाहिए, सिर्फ जन-सेवक नहीं।

आज हमारे देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या है? चुनौती यह है कि सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता पर आम आदमी का भरोसा कम हो रहा है। लोग सरकारी स्कूल की जगह प्राइवेट स्कूल में जाना चाहते हैं, सरकारी अस्पताल की जगह प्राइवेट अस्पताल में जाना चाहते हैं। क्यों? क्योंकि वहां उन्हें योग्यता दिखती है। अगर सरकारी विभागों में भी शत-प्रतिशत योग्यता के आधार पर नियुक्ति होगी, तो यह भरोसा वापस आएगा। मेरिट के पक्ष में सबसे बड़ा तर्क समानता का है। हमारे संविधान की प्रस्तावना में लिखा है - हम भारत के लोग, समता का अधिकार। समता का मतलब है सबको समान अवसर मिलना। आरक्षण समान अवसर नहीं देता, वह परिणाम को पहले से तय कर देता है। मेरिट समान अवसर देता है। मेरिट में दौड़ सबके लिए खुली है। अमीर हो या गरीब, अगड़ा हो या पिछड़ा, सब एक ही रेखा पर खड़े होते हैं और जो सबसे तेज दौड़ता है, वह जीतता है। यह सच्ची समानता है। इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं होता। दूसरा तर्क है देश की प्रगति का। 21वीं सदी प्रतिस्पर्धा की सदी है। दुनिया में वही देश आगे बढ़ रहा है जो अपने सबसे योग्य लोगों को आगे ला रहा है। अमेरिका, जापान, जर्मनी, इजरायल जैसे देशों ने विज्ञान और तकनीक में जो तरक्की की है, उसका एक ही राज है - उन्होंने हर पद पर सबसे योग्य व्यक्ति को बैठाया। अगर भारत को विश्वगुरु बनना है, विकसित भारत बनना है, तो हमें भी अपने हर विभाग में इसरो और डीआरडीओ वाला मॉडल अपनाना होगा। जहां योग्यता ही एकमात्र पैमाना हो।

तीसरा तर्क है सामाजिक समरसता का। आरक्षण व्यवस्था ने अनजाने में ही समाज को बांट दिया है। आज नौकरी के फॉर्म में सबसे पहले जाति पूछी जाती है, योग्यता बाद में। इससे युवाओं के मन में एक-दूसरे के प्रति कटुता पैदा होती है। जो युवा दिन-रात मेहनत करके 90 प्रतिशत अंक लाता है और फिर भी चयन से वंचित रह जाता है, उसके मन में निराशा आती है।

## राज्यों के ...

सौरभ वार्ष्णेय

# सर्वे के संकेत और लोकतंत्र की असली कसौटी

लोकसभा चुनाव यदि आज होते हैं तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) एक बार फिर केंद्र की सत्ता में लौट सकता है। एक ताजा सर्वेक्षण में एनडीए को 326 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है जबकि इंडिया ब्लॉक को 185 और अन्य दलों को 32 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। वोट शेयर के लिहाज से भी एनडीए को 45 प्रतिशत, इंडिया ब्लॉक को 39 प्रतिशत और अन्य दलों को 16 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी को अकेले 261 और कांग्रेस को 106 सीटें मिलने का अनुमान इस सर्वेक्षण की राजनीतिक तस्वीर को और स्पष्ट करता है। प्रधानमंत्री पद की पहली पसंद के तौर पर नरेंद्र मोदी को 49 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिलना भी इस बात का संकेत है कि मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में मोदी की लोकप्रियता अभी चुनौतीपूर्ण स्थिति में बनी हुई है लेकिन किसी भी सर्वेक्षण को चुनाव का अंतिम परिणाम मान लेना लोकतंत्र की बुनियादी प्रकृति को समझने में भूल होगी। सर्वेक्षण जनता के मन की तत्काल तस्वीर प्रस्तुत करते हैं जबकि चुनाव का वास्तविक फैसला मतदान केंद्रों पर होता है। मतदाता का रुख चुनाव की तारीख नजदीक आने तक अनेक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और स्थानीय मुद्दों से प्रभावित हो सकता है। इसलिए इस सर्वेक्षण को सत्ता की गारंटी नहीं, बल्कि जनता के वर्तमान राजनीतिक मूड का संकेत माना जाना चाहिए। सर्वेक्षण की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी भी प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे लोकप्रिय विकल्प बने हुए हैं। 49 प्रतिशत लोगों ने उन्हें पहली पसंद बताया, जबकि राहुल गांधी को 27 प्रतिशत और तमिलनाडु के नेता सी. जोसेफ विजय को 9 प्रतिशत समर्थन मिला। यह आंकड़ा बताता है कि विपक्ष के सामने अभी भी नेतृत्व के सवाल का समाधान पूरी मजबूती से सामने नहीं आया है। लोकतंत्र में सरकार के खिलाफ असंतोष को चुनावी समर्थन में बदलने के लिए केवल विरोध पर्याप्त नहीं होता। जनता को वैकल्पिक नेतृत्व, स्पष्ट नीतियां और भरोसेमंद राजनीतिक दृष्टि भी दिखाई देनी चाहिए।

हालांकि, मोदी सरकार के प्रति सकारात्मक राय को केवल लोकप्रियता के चश्मे से देखना भी उचित नहीं होगा। सर्वे में 51 प्रतिशत लोगों ने प्रधानमंत्री के कामकाज को अच्छा बताया है, जबकि अगस्त 2026 में एनडीए सरकार के समग्र प्रदर्शन से 50 प्रतिशत लोग संतुष्ट और 29 प्रतिशत असंतुष्ट दिखाई दिए। इसका अर्थ यह भी है कि सरकार के पक्ष में समर्थन मजबूत जरूर है लेकिन यह सर्वसम्मति नहीं है। लगभग एक-तिहाई आबादी का असंतोष सत्ता पक्ष के लिए चेतावनी है। सरकार को यह समझना होगा कि चुनाव केवल उपलब्धियों के प्रचार से नहीं, बल्कि जनता की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान से जीते जाते हैं।

राज्यों के आंकड़े इस तस्वीर को और दिलचस्प बनाते हैं। उत्तर प्रदेश में इंडिया ब्लॉक को 41 और एनडीए को 38 सीटें मिलने का अनुमान है। महाराष्ट्र में एनडीए को 31 और इंडिया ब्लॉक को 17 सीटें मिलने की संभावना बताई गई है, जबकि पश्चिम बंगाल में एनडीए को 35 सीटों के साथ बढ़त का अनुमान है।

# जीने का जज्बा

उम्र का कोई भी पड़ाव हो हर समय हमको जीने का जज़्बा रखना चाहिये। कहते है की जिसने जीने का जज्बा खो दिया मानो उसने अपना जीवन खो दिया । आत्मा का रूप है न रंग है ! ये तो महसूस करने का जज़्बा है ! कोशिश हर किसीकी है कि हर वो चीज़ हासिल करलूँ अपने प्रयास से मिलेगी ख़ुशी !सुख ! मन चाही !पर जाने क्यूँ फिर भी कुछ कमी सी है लगती । आज के समय , सभी के लियें सबसे ज्यादा जरूरी हैं की बाहर से ज्यादा हम भीतर से मजबूत बने क्यूँकी भीतर की मजबूती हमें कभी भी किसी भी परिस्थिति में विचलित नहीं होने देती आज के समय , सभी के लियें सबसे ज्यादा जरूरी हैं की बाहर से ज्यादा हम भीतर से मजबूत बने क्यूँकी भीतर की मजबूती हमें कभी भी किसी भी परिस्थिति में विचलित नहीं होने देती है । हमारे में अगर आत्मविश्वास,दृढ़मनोबल,प्रामाणिकता आदि है तो हमे अपने जीवन के व जीने के जज्बे का मज़बूत लक्ष्यों पर स्थिर रहने में सहायक बनती है। इसलिए जीवन जीने का सकारात्मक सही जज़्बा हमेशा लगातार क़ायम रहे जीवन में आत्मविश्वास के साथ । स्वयं स्फूर्त चेतना ही अपने गंतव्य पथ पर अविराम गतिमान बनी रहती है। जल की प्रचंड तेजधार ही हर बाधा को चीर कर अंतिम सांस तक बहती है ।जब उद्देश्य केवल सात्विक, पारमार्थिक तथा सबजन हिताय के साथ जीने के जज्बा का होता है तब ही उस उत्साह की पवित्र श्रम बूंदे ,महोत्सव की गौरव गाथा कहती है। जीवन का भरपूर आनंद हर हाल में हर जगह में होगा यदि उत्साह की गाड़ी में सवार है। कहने को तो स्वर्ग भी हताश से भरा है पर जहाँ जोश है हौंसला है वह धरा भी स्वर्ग से कम नही। तभी तो टूटते नहीं मुसीबतों में यही अपनी पहचान है ।हिलते नहीं हवाओं से हम तो एक चट्टान है।


› प्रदीप छाजेड़

## जरा हटके

## फिल्मों के अवांछनीय...

अनिल धर्मदेश

# संस्कृति पर आक्रमण का साधन बनते विज्ञापन



एक आभूषण कंपनी के लिए कृति सेनन का रक्षाबंधन विज्ञापन विवादों में है। अभिनेत्री जिस प्रकार अर्धनग्न कपड़ों में राखी बाँध रही है, उसने भाई-बहन के रिश्ते की भारतीय मर्यादा को निश्चित रूप से तार-तार किया है। देश का बड़ा वर्ग विज्ञापन की अभद्रता से आहत है और सोशल मीडिया पर इसे लेकर बहस छिड़ी हुई है। हालांकि पश्चिमी व्यवहारों को आधुनिकता के नाम पर भारत में, विशेषकर हिन्दुओं के पर्व पर परोसने वाला यह कोई पहला विज्ञापन नहीं है। इससे पहले होली पर सर्फ एक्सल, भारत मेट्रोमोनी, दीपावली पर तनिष्क का लव जिहाद, आलिया का मान्यवर, आमिर-कियारा का एक बैंक विज्ञापन आदि अनेक अवसरों पर भारतीय सांस्कृतिक विरासत को कलंकित करने का प्रयास कर चुके हैं। आज सोशल मीडिया हो या टीवी, कोई भी व्यक्ति विज्ञापन से नहीं बच सकता। विज्ञापन बच्चों-बड़ों सभी के मानस पर सीधा व गहरा प्रभाव डालते हैं। यदि कहा जाए कि फिर भी इनका निर्माण और प्रसारण मनमाने ढंग से किया जा रहा है तो गलत नहीं होगा। ये तमाम विज्ञापन उदाहरण हैं कि संस्थाएं देश की सभ्यता और संस्कृति के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं कर रहीं। प्रश्न उठना लाजिमी है कि वह कौन लोग हैं, कौन-सा समूह है, जो बार-बार ऐसे विज्ञापनों के माध्यम से भारतीयता पर आक्रमण करने में सफल हो रहा है? और क्या प्रसारित हो चुके विज्ञापनों का निरस्तीकरण इस समस्या का पूर्ण निदान है? स्मरण रहना चाहिए कि विज्ञापन निर्माताओं को होने वाला भुगतान ग्राहक के रूप में हमारे-आपके के ही जेब से लिया जाता है जबकि फिल्मों में किसी एजेंडे को चलाने से जन विरोध होने पर जनता के बजाय फिल्म निर्माता को आर्थिक क्षति पहुँचती है। भारत में विज्ञापनों का नियामक प्राधिकरण कौन है? आश्चर्यजनक रूप से हमारे देश में विज्ञापनों का कोई संविधान निर्मित केंद्रीय नियामक नहीं है। भारत में जो भी विज्ञापन चलते या छपते हैं, वह एक स्व-नियामक स्वैच्छिक संगठन से सत्यापित होते हैं। 1985 में स्थापित भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) भारत में विज्ञापन उद्योग का एक पूर्णतः गैर-सरकारी नियामक निकाय है। ASCI के अनुसार उसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए विज्ञापन में स्व-नियमन के लिए प्रतिबद्धता स्थापित करना है।

विज्ञापन उद्योग के चार मुख्य घटक अर्थात विज्ञापनदाता, विज्ञापन एजेंसी, मीडिया और संबद्ध व्यवसायों ने मिलकर इस स्वतंत्र एनजीओ का गठन किया। बतौर ASCI, उसका उद्देश्य विज्ञापन में जनता के विश्वास को बनाए रखना और बढ़ाना है। संस्था का दावा है कि भारत में प्रसारित सभी विज्ञापन सामग्री सत्य, कानूनी और ईमानदार, सभ्य और महिलाओं को वस्तुपरक नहीं दर्शाने वाली, उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित एवं विशेष रूप से बच्चों को मानसिक आघात नहीं पहुंचाने वाली होगी। जबकि इस दावे की व्यवहारिक सच्चाई से सभी अवगत हैं। 2007 में भारत सरकार ने केबल टीवी नेटवर्क नियमों के विज्ञापन कोड में संशोधन किया जिसके माध्यम से टीवी पर ASCI कोड का उल्लंघन करने वाले विज्ञापनों को अनुमति नहीं दी जा सकती। मतलब परोक्ष रूप से ACSI की ताकत और बढ़ा दी गयी। जनवरी 2017 में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भारत में टीवी और रेडियो के लिए विज्ञापन सामग्री विनियमन के क्षेत्र में वैधानिक प्रावधानों के लिए 'एक प्रभावी पूर्व-खाली कदम' के रूप में स्व-नियामक तंत्र की पुष्टि की और इसे मान्यता दे दी।

फिल्मों के अवांछनीय, कामुक, अमर्यादित और फूहड़ दृश्यों को यदि कला के अधीन कथावस्तु की मांग मान लें तब भी विशुद्ध व्यावसायिक विज्ञापनों के लिए यह मानदंड बचाव का साधन नहीं बन सकता। स्पष्ट होना चाहिए कि उपभोक्ता वह है, जो उत्पाद के क्रय की स्वीकृति देता है अथवा उसे अस्वीकार करता है। परंतु विज्ञापन को देखने-सुनने वाला व्यक्ति उपभोक्ता से बहुत पहले एक दर्शन या श्रोता है। यहां तक कि उसका विज्ञापन में दिखाए गए उत्पाद से कोई संबंध हो, इसकी भी कोई गारंटी नहीं होती।

विज्ञापनों से संस्कृति पर लगातार हो रहे हमलों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि भारत में विज्ञापनों को नियंत्रित तत्काल किया जाए। व्यापारिक उद्देश्य की पूर्ति के नाम पर कोई कारोबारी या प्रसारक समूह देशवासियों की मान्यताओं और भावनाओं को ठेस न पहुंचा सके, यह सुनिश्चितन करना भी देश की केंद्रिय सरकार का दायित्व है। धर्म विशेष के देवताओं का अपमान और भारतीय पर्वों पर प्रश्नचिन्ह लगाने वाले विज्ञापनों से समाज में अनायास वैमनस्य बढ़ता है। धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले विषयों को एकतरफा प्रदर्शित किए जाने की घटनाओं ने कई बार अकारण दो सम्प्रदायों के बीच परस्पर विद्वेष को भड़काया है। मामूली वस्तुओं की बिक्री के लिए नग्नता और वासना को माध्यम बनाकर विज्ञापन निर्माता बाल सुलभ और किशोर मस्तिष्क पर क्या कोई सार्थक प्रभाव डालते हैं? आज सेंसर बोर्ड की तर्ज पर एक विशुद्ध संवैधानिक और पूर्णतः जवाबदेह विज्ञापन नियामक संस्था आधुनिक एवं आत्मनिर्भर भारत की अहम आवश्यकता है।

## आजीविका मिशन की सहायता से सालाना ढाई लाख कमा रहीं मजदूर रहीं सोनभद्र की निर्मला

# अब गांव की महिलाएं घर के साथ संभाल रही हैं कारोबार

**सफलता**

- स्वयं सहायता समूह से जुड़कर मजदूरी छोड़ उद्यमी बन रहीं आदिवासी और पिछड़े अंचल की महिलाएं

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार राज्यव्यापी स्तर पर आजीविका मिशन को मजबूती से लागू कर रही है। इन प्रयासों का ही नतीजा है कि अब आदिवासी और पिछड़े अंचल की महिलाएं उद्यमी बन रही हैं। सोनभद्र जिले के



आजीविका मिशन के जरिए ढाई लाख कमा रहीं सोनभद्र की निर्मला

**योगी सरकार के प्रयास से पिछड़े क्षेत्र के गांवों में भी आत्मनिर्भरता की नई रोशनी**

राबर्ट्सगंज ब्लॉक के बिचपई गांव की अनुसूचित जाति की निर्मला इसकी एक जीवंत मिसाल हैं। कभी परिवार का खर्च चलाने के लिए मजदूरी करने वाली निर्मला अब सफल उद्यमी बन चुकी हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने हुनर सीखा और योगी सरकार से मिली आर्थिक मदद ने उन्हें अपने पैरों पर खड़ा कर दिया। रंग-बिरंगी डिजाइनर मोमबत्तियों से शुरू हुआ उनका सफर अब जूस, पॉपकॉर्न, गुलाब का

**उद्यमिता विकास परियोजना की टीम ने निर्मला के प्रयास को देखते हुए 60 हजार रुपये की सीड मनी (प्रारंभिक सहायता राशि) उपलब्ध कराई। इससे उन्होंने अलग-अलग डिजाइन की मोमबत्तियों के सांचे खरीदे। दीपावली और अन्य त्योहारों पर मोमबत्तियां बनाकर उनकी बिक्री शुरू की। मांग बढ़ने पर इसे नियमित कारोबार बना लिया।**

गुलकंद, शर्बत और गाजर के मुरब्बे तक पहुंच चुका है। उनकी सालाना कमाई करीब ढाई लाख रुपये हो गई है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर गांव की 12 से 15 महिलाएं भी आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ी हैं। खादी ग्रामोद्योग विभाग के सहयोग से पॉपकॉर्न मशीन मिली तो आमदनी का एक और जरिया जुड़ गया। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से दो माह का प्रशिक्षण लेकर उन्होंने गुलाब से गुलकंद, शर्बत और गाजर का मुरब्बा बनाना भी सीख लिया। अब मौसम के अनुसार इनका उत्पादन करती हैं। फूल, पेड़ और दूसरी सजावटी आकृतियों वाली उनकी रंगीन मोमबत्तियां बाजार में अपनी जगह बना रही हैं। उनका अगला लक्ष्य उत्पादों को ऑनलाइन बाजार तक पहुंचाना है।



### स्वयं सहायता समूह ने खोला नया रास्ता

राबर्ट्सगंज ब्लॉक के बिचपई गांव की निर्मला बीए तक पढ़ी हैं। पति-पत्नी, तीन बेटियों और एक बेटे वाले छह सदस्यीय परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। घर की जिम्मेदारियों के साथ उन्हें मजदूरी करनी पड़ती थी। बच्चों की बेहतर परवरिश और परिवार की आय बढ़ाने की कोशिश में वह स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। यहीं से उनकी जिंदगी बदलने का रास्ता खुला। मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण लिया और अपने हुनर को कारोबार में बदलने का निर्णय लिया।

# राजनाथ सिंह ने फ्रेगरेंस पार्क का उद्घाटन किया

## घंटाघर के सामने 2.3 एकड़ में फैला है पार्क

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज शनिवार को फ्रेगरेंस पार्क का उद्घाटन किया। घंटाघर के सामने 2.3 एकड़ में फैले इस पार्क में 50 से ज्यादा सुगंध वाले अलग-अलग किस्म के पौधे लगे हैं। उद्घाटन के बाद इस पार्क को आम लोगों के लिए 1 सितंबर से खोल दिया जाएगा। इस उद्घाटन के साथ ही 43.13 करोड़ रुपए से वरुण विहार, नैमिषनगर जैसी परियोनाओं का शिलान्यास भी किया।

फ्रेगरेंस पार्क की बात करें तो इसे लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लाजपतनगर क्षेत्र में विकसित किया है। पार्क में देसी के साथ विदेशी फूलों वाले पौधे भी लगाए गए हैं। एनबीआरआई के विशेषज्ञों ने पौधों के चयन और उनकी प्रकृति को ध्यान में रखते हुए इस हिस्से को



विकसित करने में सहयोग किया है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, यूपी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, के साथ फ्रेगरेंस पार्क में शाम 4:10 बजे पहुंचे। यहां उनकी अगुआई विधायक नीरज बोरा ने की। राजनाथ सिंह ने पार्क में चंदन का पौधा लगाया। इसके बाद मंच पर पहुंचे।

मंच पर रक्षामंत्री ने विभाजन विभीषिका झेल चुके कुछ वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया।

**फास्ट न्यूज**

### अधिवक्ता चैंबर तोड़ने की तैयारी का विरोध

लखनऊ । लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैंबरों के प्रस्तावित ध्वस्तीकरण को लेकर विवाद बढ़ गया है। शनिवार को दोपहर 3 बजे वकीलों ने प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नगर निगम प्रशासन पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया। वकीलों का आरोप है कि इस प्रक्रिया का पालन करने के बजाय करीब 250 चैंबरों पर एक फॉर्मेट चिपका दिया गया और 30 अगस्त के ध्वस्तीकरण का विज्ञापन भी प्रकाशित करा दिया गया।

### आजमगढ़ में गैंगस्टर एक्ट का आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार

लखनऊ । एसटीएफ ने आजमगढ़ में गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 50 हजार रुपए के इनामी अपराधी प्रमोद कुमार को कैसरबाग इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लखनऊ में छिपकर रह रहा था। शुक्रवार को वह कैसरबाग स्थित ग्लोब पार्क के पास अपने दोस्त से मिलने पहुंचा था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ ने कैसरबाग पुलिस के साथ घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के मुताबिक, वांछित और पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगाया गया है।

### मरीन ड्राइव पर जलभराव नहीं होगा

लखनऊ। लखनऊ के मरीन ड्राइव क्षेत्र में हर साल मानसून के दौरान होने वाले भारी जलभराव से अब राहत मिलेगी। नगर निगम ने इस समस्या का स्थाई समाधान निकालने के लिए 3 करोड़ रुपए की लागत से एक नए नाले के निर्माण की योजना तैयार की है। योजना के तहत मरीन ड्राइव अंडरपास से लेकर पंपिंग स्टेशन अंडरपास (G-20 रोड) तक करीब 1 किलोमीटर लंबा नाला बनाया जाएगा।

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 1.80 लाख

तमसा संकेत, एजेंसी



- 18 दिन बाद जानकारी हुई, कार्ड निकालने की बात कहते हुए बूथ में घुसा था

लखनऊ। लखनऊ के इंदिरानगर थानाक्षेत्र में एक युवक से एटीएम बदल कर ठगी की गई। आरोपी कार्ड निकालने की बात कहते हुए एटीएम बूथ में दाखिल हुआ और एटीएम बदल दिया। इसके बाद कई बार मे पैसे निकाल लिए। पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज हुआ है। खुर्रमनगर अशोक विहार कॉलोनी निवासी निकहत हबीब ने बताया कि 19 जुलाई को सुबह करीब 10 बजे से दोपहर एक बजे के बीच उनके पति नसीम अहमद खुर्रमनगर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से रुपए निकालने गए थे। उन्होंने दो बार में कुल 20 हजार रुपए निकाले। निकहत के मुताबिक, इसी दौरान एटीएम के पास मौजूद एक व्यक्ति ने नसीम से कहा कि अपना एटीएम कार्ड निकाल लीजिए। इसी दौरान आरोपी ने धोखे से उनका कार्ड बदल लिया। आरोपी ने पीछे से नसीम का एटीएम पिन भी देख लिया था। कार्ड और पिन की जानकारी हासिल करने के बाद आरोपी ने उनके खाते से एटीएम के जरिये करीब 1.80 लाख रुपए निकाल लिए। निकहत ने बताया कि उन्हें इस धोखाधड़ी की जानकारी 7 अगस्त को हुई। इसके बाद खाते का स्टेटमेंट निकलवाने पर लगातार पैसे निकाले जाने की जानकारी सामने आई।

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, शीघ्रता से हो जनता की शिकायतों का निस्तारण

# सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्रतिबद्धता : सीएम

- जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

तमसा संकेत, संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव, हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता और शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने हर पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का



लाभ दिलाने, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने और जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 200 लोगों से मिले। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक वह खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित की समस्या का पारदर्शी समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग गंभीर बीमारियों के



गोरखपुर में जनता दर्शन करते माननीय मुख्यमंत्री योगी

### मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, गोवंश को खिलाया गुड़

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से पूड़ी-गुड़ खिलाया।

उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। इन लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए, सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। सीएम ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुछ लोग पारिवारिक विवादों के मामले भी लेकर आए थे। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पारिवारिक विवादों में सर्वप्रथम सबंधित पक्षों के बीच संवाद कराने की पहल की जाए।

## 75 जिलों में निगरानी के निर्देश, डिप्टी सीएम बोले- संक्रमितों की ट्रैवल हिस्ट्री होगी चेक

# स्वाइन फ्लू के 2 नए मरीज, सरकार अलर्ट

**निर्देश**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में स्वाइन फ्लू का असर बढ़ता दिख रहा है। बलरामपुर अस्पताल में गुरुवार को संक्रमित महिला की मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को 2 और मरीजों में H1N1 की पुष्टि हुई। दोनों को अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है। इसके बाद सरकार ने प्रदेश के सभी 75 जिलों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. बीकेएस चौहान ने



बताया कि दोनों मरीजों की RT-PCR जांच में H1N1 वायरस की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दोनों का इलाज वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आनंद की निगरानी में चल रहा है। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर है। बलरामपुर अस्पताल की आइसोलेशन वार्ड बिल्डिंग को स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए रिजर्व कर दिया गया है। लगातार नए मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### 75 जिलों के डीएम को अलर्ट रहने के निर्देश

प्रदेश में स्वाइन फ्लू की स्थिति को देखते हुए योगी सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग और सभी 75 जिलों के जिलाधिकारियों को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से स्वाइन फ्लू के मामलों की नियमित समीक्षा करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में मरीजों के इलाज की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए हैं। आइसोलेशन वार्ड, जरूरी दवाएं, जांच किट और अन्य चिकित्सा सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने को कहा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके।

### संक्रमितों की ट्रैवल हिस्ट्री होगी चेक

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। खासकर दिल्ली-NCR से जुड़े जिलों में मरीज तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने सभी संक्रमित मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री चेक करने के निर्देश दिए हैं। संक्रमित मरीजों को जरूरत के अनुसार होम आइसोलेशन की सलाह दी जाएगी। डिप्टी सीएम ने स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।



**मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि स्वाइन फ्लू के संभावित लक्षणों को नजरअंदाज न करें। लक्षण दिखाई देने पर समय रहते डॉक्टर की सलाह लें और जरूरी जांच कराएं। उन्होंने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन समय पर जांच और इलाज जरूरी है।**

# राजधानी में 69 हजार शिक्षक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

## सरकार पर एससी में पैरवी न करने का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में 69000 शिक्षक भर्ती के पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान नारा लगाया- 'योगी बाबा न्याय करो - बेरोजगारों को नौकरी दो'। शनिवार को दोपहर 12 बजे करीब आधे घंटे तक प्रदर्शनकारी मंत्री संदीप सिंह के आवास के बाहर बैठकर नारेबाजी करते रहे। उसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया।

प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने सरकार पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय में 69000 शिक्षक भर्ती मामले की सुनवाई 8 सितंबर को तय है, लेकिन सरकार सुप्रीम कोर्ट में उन अभ्यर्थियों का पक्ष नहीं रख रही है जिनकी नियुक्ति के लिए चयन सूची 4 साल पहले ही जारी हो चुकी है। उसी के आधार भर्ती के



6800 पिछड़े वर्ग अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलना है। अगर सरकार पैरवी नहीं करती है तो अभ्यर्थी सामूहिक भूख हड़ताल करेंगे। अयोध्या से प्रदर्शन में शामिल होने आई अर्चना शर्मा ने कहा कि योग्य होने के बाद भी 6 सालों से भटक रहे हैं। बताया कि सीएम योगी से मिलकर अपनी बात रखी थी जिसके बाद नियुक्ति के लिए 5 जनवरी 2022 को 6800 अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी कर दी गई थी, लेकिन नियुक्ति आज तक नहीं मिली। जाड़ा, गर्मी हो या बरसात मौसम की मार झेलते हुए हम लोग आंदोलन करते हैं।

## सहायता : सीएम बोले- पहले 36 से 40 जिलों में आती थी बाढ़, इस बार 26 जिले प्रभावित

# 50-50 किलो राहत सामग्री दे रही सरकार

तमसा संकेत, संवाददाता

बलिया । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार बाढ़ पीड़ितों को करीब 50-50 किलो राहत सामग्री के पैकेट उपलब्ध करा रही है, जबकि सपा सरकार में 500 ग्राम राहत सामग्री भी नहीं पहुंच पाती थी। गरीबों के हक की राहत सपा से जुड़े लोग हड़प लेते थे। आज हर आपदा में आवास समेत तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार गरीब, नौजवान, माता-बहनों और अन्नदाता किसानों के हक में संवेदनशीलता व ईमानदारी से काम कर रही है। अतिवृष्टि के कारण पिछले कुछ दिनों में करीब 26 जनपद बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। सरकार लगातार व तेजी से राहत व बचाव कार्य में जुटी है। बाढ़ से 1.71



लाख से अधिक लोग और 251 गांव प्रभावित हुए हैं। एक हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित शरणालयों में पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बलिया में तीन विधानसभा क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित गांवों का हवाई निरीक्षण करने के उपरांत 1500 बाढ़ पीड़ित परिवारो को राहत सामग्री और चिकित्सकीय किट वितरित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने आयोजन स्थल पर मौजूद बाढ़ पीड़ितों से बातचीत की, उनका दुख साझा किया और सबको आश्वस्त किया कि किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं, सरकार हर पीड़ित व्यक्ति के साथ खड़ी है।

**864 करोड़ खर्च के बाद भी अधूरा जेपीएनआईसी, इसे लूट-खसोट और अय्याशी का अड्डा बनाया गया था: सीएम योगी**

**26 जिलों में 1.71 लाख से अधिक लोग और 251 गांव बाढ़ से प्रभावित, एक हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित शरणालयों में पहुंचाया: सीएम योगी**

**घाघरा की ड्रेजिंग कर सिल्ट से मजबूत होंगे तटबंध, बाढ़ का होगा स्थायी समाधान, सरकार हर पीड़ित के साथ खड़ी: योगी**

### जेपीएनआईसी को लूट-खसोट का अड्डा बनाने की कोशिश

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया था, सपा उसी की पिछलग्गू बन गई। जिन लोगों ने जयप्रकाश नारायण के सपनों को तार-तार किया, सपा उन्हीं के साथ खड़ी है। इन्होंने जयप्रकाश जी के नाम को किस तरह लूट-खसोट का माध्यम बनाया था, लखनऊ में बना जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएआईसी) उसका उदाहरण है। इस केंद्र की लागत मात्र 200 करोड़ थी। लेकिन, लुटेरी सपा सरकार ने उस पर 864 करोड़ रुपये खर्च किए, और तब भी यह अधूरा रहा। उनकी मंशा जनता-जनार्दन के पैसे से बने इस केंद्र को लूट-खसोट व अय्याशी का अड्डा बनाना थी। ऐसी कोशिश भी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण करते हुए आए हैं। बांसडीह, बलिया और बैरिया विधानसभा क्षेत्रों में कटान और जलप्लावन से प्रभावित गांवों का निरीक्षण करने के बाद वह लोगों के बीच पहुंचे हैं।

# आगामी त्यौहार पर निगम की बसों का हो व्यवस्थित एवं सुदृढ़ संचालन

## प्रतिबन्धित वस्तुओं एवं ज्वलनशील पदार्थों का बसों में संचालन कदापि न हो

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को आगामी त्योहार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ संचालन के संबंध में निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि चालक/परिचालक यात्रियों से मृदुल व्यवहार करें।

परिवहन मंत्री ने कहा कि वाहनों को तत्काल निर्धारित 31 एवं 13 बिन्दुओं के मानक के अनुसार भौतिक एवं यांत्रिक परीक्षण कराया जाये तथा परीक्षण में पायी गयी कमियों का निराकरण / मरम्मत कार्य तत्काल कराना सुनिश्चित करें। फिटनेस की स्थिति में वाहनों का संचालन किया जाये। परिवहन मंत्री



ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों को ऑन रोड स्थिति में रखते हुए शत प्रतिशत संचालन हेतु हमेशा तैयार रखा जाये। निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को परिवहन सुविधा के साथ ही बस अड्डों पर बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, सुलभ शौचालय की साफ सफाई आदि की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा बस स्टेशनों में स्थित शौचालयों के पास चूने का छिड़काव सुनिश्चित किया जाये।

बसों के शीशे टूटे न हो एवं सीट फटी हुई न हो इसके लिए वाहनों को मार्ग पर भेजने से पूर्व निरीक्षण / फिटनेस के साथ साफ-सुथरी स्थिति में बसों को संचालित कराया जाये। परिवहन मंत्री ने कहा कि समस्त यात्रियों से मृदुल व्यवहार किये जाने हेतु समस्त चालकों/परिचालकों के साथ बस स्टेशनों पर तैनात समस्त स्टाफ को निर्देशित किया जाये तथा चालकों/ परिचालकों को समय-समय पर यात्रियों से मृदुल व्यवहार किये जाने हेतु प्रशिक्षित भी किया जाये।

मार्ग पर मिलने वाले प्रत्येक यात्रियों को शिष्टाचार पूर्ण व्यवहार करते हुए बैठाया जायें तथा गतव्य स्थान पर उतारा जाये।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि मा० सांसद / विधायक / जनप्रतिनिधि व दिव्यांगजन के आने पर यथा संभव बस में आरिक्षत सीट उपलब्ध करायी जाये।

## सीना खा गया, सोते वक्त घर से खींच ले गया, मुरादाबाद में 25 दिन में 4 को मार चुका

# तेंदुए ने 35 साल के युवक की गर्दन अलग की

**घटना**

- तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने जगह-जगह कैमरे और पिंजड़े लगाए हैं।
- वन विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम बंदूक लिए हुए थी। वहीं, ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर पहुंचे।

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। यूपी के मुरादाबाद में तेंदुआ 35 साल के युवक का सीना खा लिया। उसने दांतों से काटकर उसकी गर्दन अलग कर दी। युवक ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया।




दिव्यांग जगराज शुक्रवार रात अपने घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। तभी तेंदुआ वहां आया और युवक की गर्दन को जबड़े में दबोचकर खींचते हुए जंगल में ले गया। शनिवार सुबह परिजनों को युवक चारपाई पर नहीं दिखा, तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। परिवार तलाशते हुए घर से करीब 100 मीटर दूर जंगल में पहुंचा तो वहां युवक का खून से सना शव पड़ा था। वन विभाग ने इलाके में ट्रैप कैमरे लगाने के साथ-साथ जगह-जगह जाल बिछाए हैं, ताकि तेंदुए की मूवमेंट पर नजर रखी जा सके और उसे जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। मुरादाबाद के प्रभागीय वनाधिकारी (DFO) डॉ. विनय कुमार पांडेय ने बताया कि यह इलाका तेंदुओं का प्राकृतिक क्षेत्र है। यहां पहले भी हमले होते रहे हैं। पहले संचार के साधन सीमित होने के कारण ऐसी घटनाओं की जानकारी ज्यादा लोगों तक नहीं पहुंच पाती थी। इस बार बाढ़ नहीं आने से किसान खेतों में लगातार जा रहे हैं। ऐसे में तेंदुओं से आमना-सामना होने की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे हमलों का आंकड़ा भी अधिक दिखाई दे रहा है।

> घटना जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर टाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के बहापुर बलिया गांव की है। इस गांव में तीन दिन पहले भी खेत में काम कर रही महिला को तेंदुए ने मार डाला था। 25 दिन में इलाके में तेंदुए के हमलों में 4 लोगों की मौत हो चुकी है।



### बच्चों को अंदर सुलाकर खुद झोपड़ी के बाहर सोया था जगराज

दिव्यांग जगराज (35) का बलिया गांव के बाहर झोपड़ीनुमा घर बना है। 3 साल पहले पत्नी की मौत हो गई थी। तब से अपने 8 साल के बेटे और 6 साल की बेटी को अकेले ही पाल रहा था। ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके घर में दरवाजा नहीं था, इसलिए वह घर के बाहर ही सोता था।

शुक्रवार रात जगराज ने बच्चों को खाना खिलाकर घर के अंदर सुला दिया। खुद रोज की तरह बाहर आकर सो गया। तभी तेंदुए ने उसे अपना निवाला बना दिया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए।

## दुबई में बैठे सुल्तान मिर्जा गैंग के तीन मेंबर अरेस्ट

### कानपुर पुलिस ने पकड़ा, 100 करोड़ का साइबर फ्रॉड किया

तमसा संकेत, एजेंसी



कानपुर । दुबई में बैठे साइबर ठग सुल्तान मिर्जा के तीन गुर्गों को कानपुर की फजलगंज पुलिस ने शनिवार को अरेस्ट कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों ने ऑनलाइन गेमिंग एप, डिजिटल फ्रॉड, म्यूल अकांउट खुलवाकर ठगी एक साल में 100 करोड़ के साइबर फ्रॉड को अंजाम दिया था। पुलिस के छापेमारी के बाद दो आरोपी फरार हो गए है, जिनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस को म्यूल खातों के खिलाफ NCRP पोर्टल पर 29 शिकायतें दर्ज मिली है, जिसमें 23 करोड़ का साइबर फ्रॉड किया गया है। पुलिस को आरोपियों के पास से दुबई नंबर के कई एक्टिवेटेड व प्री एक्टिवेटेड सिम भी बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी के पास की कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगालने में 23 प्राइवेट बैंक कर्मचारियों से बातचीत की बात सामने आई है।

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी सरकारी योजनाओं और खाते मुहैया कराने के बदले कमीशन देने का झांसा देकर लोगों से अकाउंट खुलवाते थे। सभी बैंकिंग डिटेल देश–विदेश में बैठे साइबर फ्रॉड के गिरोह के मेंबरों को उपलब्ध कराई जाती थी। सेविंग खाता उपलब्ध कराने के बदले में 40 व करंट खाता उपलब्ध कराने के एवज में ठगों को 80 हजार रुपए मिलते थे। सेविंग खाते में लेनदेन की लिमिट निर्धारित होने के कारण आरोपी फर्जी फर्म बनाकर प्राइवेट अकाउंट खुलवाते।

**फास्ट न्यूज**

### फर्जी किरायानामा से मकान पर कब्जे की कोशिश

आगरा। न्यू आगरा थाना क्षेत्र में मकान के हिस्से पर अवैध कब्जे के लिए फर्जी किरायानामा तैयार कर बिजली कनेक्शन लेने के मामले में कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना न्यू आगरा पुलिस ने वैभव कुंज निवासी नवीन पालीवाल, उसके भाई गौरव पालीवाल के साथ टोरंट पावर के महाप्रबंधक संजय सिंह और सहायक महाप्रबंधक पीयूष कुमार सिन्हा को आरोपी बनाया है।

### आगरा में रक्षाबंधन पर हुआ 120 करोड़ का कारोबार

आगरा। आगरा में रक्षाबंधन के त्योहार ने बाजारों में रौनक के साथ कारोबार को भी नई ऊंचाई दी है। मंगलवार से शुक्रवार तक चली खरीदारी में शहर के बाजारों में करीब 120 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा मिठाई बाजार का रहा, जहां 70 से 80 करोड़ रुपए की मिठाई बिकी। अकेले 30 करोड़ रुपए का घेवर बिका, जबकि करीब 20 करोड़ रुपए के चॉकलेट हैम्पर और अन्य चॉकलेट की बिक्री हुई। इसके अलावा 20 से 30 करोड़ रुपए की अन्य मिठाइयां खरीदी गईं।

### आगरा में एकता थाने से ट्रक चोरी

आगरा । आगरा में एकता थाने से ट्रक चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी क बाद पुलिस कई दिनों तक ट्रक को तलाशती रही। लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के फुटेज में ट्रक दिखने के बाद पीछा कर उसे 629 किमी दूर सिद्धार्थ नगर में बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने ट्रक मालिक और उसके बेटे को भी पकड़ लिया। मगर, एकता आने में ऐसा सौदा हुआ कि दोनों को चाय नाश्ता कराकर छोड़ दिया गया।

## महिला सिपाही की मौत, एक्सीडेंट के बाद भी छुट्टी नहीं मिली

### बस्ती में कॉन्स्टेबल पति फूट-फूटकर रोया

तमसा संकेत, एजेंसी

बस्ती । यूपी के बस्ती जिले में 7 दिन पहले सड़क हादसे में घायल महिला सिपाही की शनिवार को मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद उनके सिर पर 4 टांके लगे थे। महिला सिपाही केसरी वर्मा (30) ने इलाज कराने के लिए एसपी ऑफिस में एप्लिकेशन दी थी, लेकिन छुट्टी नहीं मिली थी।

केसरी के पति नागेंद्र वर्मा भी पुलिस में सिपाही हैं। पत्नी की मौत के बाद पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर नागेंद्र फूट-फूटकर रोए। कहने लगे- इलाज नहीं होने से केसरी की मौत हुई है। 2 दिन से छुट्टी के लिए एसपी ऑफिस के चक्कर लगा रही थी, लेकिन छुट्टी नहीं मिली।

सिपाही नागेंद्र वर्मा ने कहा-अगर एसपी ऑफिस से छुट्टी मिल जाती और समय पर पत्नी का इलाज हो जाता, तो आज वह जिंदा होती।




छुट्टी की एप्लिकेशन में सीटी स्कैन की कॉपी भी लगाई थी। सिर में 4 टांके लगे होने की बात भी लिखी थी। फिर भी एसपी ऑफिस में तैनात दीपक मिश्रा और एक अन्य कर्मचारी ने छुट्टी नहीं दी। कहा था कि न EL मिलेगी, न ही मेडिकल लीव। दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। वहीं, सीओ रुधौली अनिल सिंह ने कहा- महिला सिपाही की शनिवार तड़के अचानक तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। पोस्टमॉर्टम में मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। छुट्टी को लेकर पति ने जो आरोप लगाए हैं, उनकी भी जांच की जा रही है।

## नोएडा में बोरी में भरकर लाश फेंकी थी, 24 घंटे में मारा गया, घटना ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र की

# बच्ची की रेप, हत्या का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

तमसा संकेत, एजेंसी

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने वाले आरोपी की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है।

बच्ची 28 अगस्त (शुक्रवार) को वह घर से अचानक लापता हो गई थी। घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की। 5 टीमें बनाईं और आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज से जांच शुरू की। इस दौरान बच्ची



के घरवालों ने एक युवक बलराज को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वह बच्ची के चाचा के यहां किराए पर रहता है। सीसीटीवी में वह बोरी में बच्ची को ले जाता दिख रहा है। पुलिस रेप की आशंका भी जता रही है। घटना ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र की है। बच्ची के चाचा ने बताया- मेरी भतीजी बहुत छोटी थी। हमारे यहां एक व्यक्ति किराए पर रहता था वह मजदूरी करता था।

### खेत में बोरी से मिली बच्ची की लाश

हल्दौनी गांव में रहने वाला एक युवक हलवाई का काम करता है। उसके एक बेटा और 2 बेटियां थीं। उसकी सबसे छोटी बेटी घर के पास ही सरकारी स्कूल में पहली क्लास में पढ़ती थी। बच्ची के चाचा के घर में बलराज किराए पर रहता था। वह बच्ची के परिवारवालों को अच्छी तरह से जानता था।

पुलिस ने बलराज से पूछताछ की। पहले तो वह टालमटोल करता रहा। लेकिन, बाद में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। बलराज की निशानदेही पर पुलिस ने बच्ची का शव गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर खेत में बोरी के अंदर बरामद कर लिया। घरवालों का आरोप है कि जान-पहचान होने बलराज बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसके साथ गंदा काम किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। बलराज नशा करने का आदी है।



शुक्रवार दोपहर 5 बजे एक युवक बोरी में बच्ची की लाश ले जाता दिख रहा।

### 2 सीसीटीवी सामने आए

जांच में सामने आए शुक्रवार दोपहर 3 बजे सीसीटीवी फुटेज में बच्ची पड़ोसी बलराज के साथ जाती दिखाई दे रही है। उसके साथ एक मकान के अंदर चली जाती है। पुलिस को एक दूसरा फुटेज भी मिला है। इसमें बलराज बोरी लेकर जाता दिख रहा है। दूसरा सीसीटीवी शाम 5 बजे का है। दोनों सीसीटीवी बच्ची की गली के ही हैं।

> पुलिस के मुताबिक, डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी कराते हुए बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से बच्ची की मौत की वजह और घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की उम्मीद है।

# पुल टूटा, बाइक समेत पूरा परिवार बहा

### मां-बेटे की मौत, पति समेत 3 को बचाया, राखी बांधकर मायके से लौट रही थी

**रेस्क्यू**

- गोताखोरों ने टॉर्च की रोशनी में सर्च ऑपरेशन चलाया

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद में पुल टूटने से बाइक सवार एक परिवार के पांच लोग नदी में गिर गए। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि एक बेटा लापता है। ग्रामीणों ने पति और दो बच्चों को रेस्क्यू करके बचा लिया। हादसा शुक्रवार शाम 7:30 बजे तब हुआ जब महिला रक्षाबंधन में भाई को राखी बांधकर मायके से लौट रही थी। मझोला थाना क्षेत्र में मलकपुर स्थित चट्टा में गागन नदी पर लकड़ी का एक छोटा पुल बना हुआ था।

बाइक से परिवार इसी पुल को



इसी पुल पर हादसा हुआ। सुबह लोगों की भीड़ जमा रही। गोताखोर बच्चे की तलाश में जुटे हैं।

पार कर रहा था, तभी पुल की कुछ लकड़ियां टूट गईं। इससे बाइक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। चीख-पुकार मची तो आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। नदी में छलांग लगा दी। तेज बहाव में महिला और उसका एक बच्चा बह गया।

पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम की मदद से मां-बेटे की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे बाद गोताखोरों ने महिला के शव को बाहर निकाला। वहीं करीब 20 घंटे बाद बच्चे का शव भी बरामद कर लिया गया।

SSP के मुताबिक, अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू में काफी परेशानी हुई। गोताखोरों ने टॉर्च की रोशनी में सर्च ऑपरेशन चलाया। किरन को तुरंत ही जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चे की तलाश के लिए शनिवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। SDRF की टीम को भी बुलाया गया है।

### नदी में जा गिरी बाइक, परिवार मदद के लिए चिल्लाता रहा

छजलैट के महमूदपुर निवासी मजदूर अनिल जाटव (45) रक्षाबंधन पर पत्नी किरन (42), दो बेटों केशव (7)-प्रियांशु (3) और बेटी काफिया (5) के साथ कुंदरकी के नानपुर गांव स्थित ससुराल गया था। राखी के त्योहार के बाद वह परिवार को लेकर बाइक से लौट रहा था।

जैसे ही बाइक मलकपुर स्थित लकड़ी के बने चट्ठा पुल पर पहुंची, अचानक पुल की तीन लकड़ियां टूट गईं। बाइक बेकाबू होकर डगमगाने लगी और फिर परिवार समेत गागन नदी में जा गिरी। परिवार मदद के लिए चिल्लाने लगा। चीख-पुकार सुनकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मलकपुर गांव से गोताखोरों को लेकर पहुंची। अनिल, केशव और काफिया को बचा लिया गया, जबकि किरन की मौत हो गई। प्रियांशु अब भी लापता है।



करीब 2 घंटे बाद गोताखोरों ने महिला का शव बरामद किया।

## एमआईईटी स्कूल में सीटी-एआई पर जिला स्तरीय कार्यशाला

### कक्षा-कक्ष में एआई और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग के प्रयोग पर मंथन

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मवाना रोड स्थित एमआ-ईईटी पब्लिक स्कूल में शनिवार को कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफि-शियल इंटेलिजेंस विषय पर जिला स्तरीय विचार-विमर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन सीबीएसई के निर्धारित प्रशिक्षण विषय 'कंप्यूटेशनल थिंकिंग एंड अंडरस्टैंडिंग आर्टिफि-शियल इंटेलिजेंस रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर सुधांशु शेखर, डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर गोपाल दीक्षित, स्कूल मैनेजर बरखा अग्रवाल और प्रधानाचार्या रुपाली सहगल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अंतर्विषयक एकीकरण और अभिनव शिक्षण-अभ्यासों पर केस पेपर प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों में



- शिक्षा में एआई के बढ़ते प्रभाव पर शिक्षकों ने साझा किए अभिनव प्रयोग

विद्यार्थियों में पैटर्न रिकग्निशन, तार्किक चिंतन, समस्या समाधान और एल्गोरिदमिक थिंकिंग जैसे कौशल विकसित करने के प्रभावी तरीकों पर चर्चा की गई।

एप्रिसिएशन कमिटी ने सीबीएसई के निर्धारित मानदंडों के आधार पर प्रस्तुत केस पेपर का मूल्यांकन किया तथा श्रेष्ठ तीन केस पेपर का चयन किया। इस दौरान शिक्षकों ने अपने अनुभव और नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों को एक-दूसरे के साथ साझा किया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'कानून से खेला ...

उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसी भी गरीब, दलित, वंचित का उत्पीड़न या शोषण नहीं होने देगी। किसी ने शोषण या उत्पीड़न किया तो उससे सख्ती से निपटने का काम करेगी। सीएम योगी ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तभी अच्छे काम आगे बढ़ते हैं। अच्छी सरकार ही युवाओं, बेटियों और महिलाओं के बारे में अच्छा सोचती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। अगले एक साल में एक लाख और युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। युवाओं के रोजगार के लिए हर जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड स्किलिंग जोन बनाया जा रहा है। यहां स्किल से जॉब की गारंटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बेटियों और महिलाओं के लिए सरकार की नई पहल का जिक्र करते हुए बताया कि अगले दो माह में स्नातक अंतिम वर्ष की 50 हजार छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले यूपी में न तो बेटियों की अच्छी पढ़ाई की व्यवस्था थी और न ही गरीब बेटियों की शादी की। जब उन्होंने सामूहिक विवाह योजना शुरू की तो समाजवादी पार्टी ने विरोध किया। सीएम ने बताया कि अब तक पांच लाख बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हो चुकी है। सरकार इसमें हर बेटी की शादी के लिए एक लाख रुपये का अनुदान दे रही है।

### राहुल गांधी ने ...

शादी जैसे खुशी के मौके पर भी दलित दूल्हों को घोड़ी पर बैठने से रोका जाता है। कई बार पत्थरबाजी और मारपीट तक होती है। कुछ लोग सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनकर बारात निकालते हैं। यह सिर्फ गांवों की नहीं, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के कई हिस्सों की हकीकत है।

राहुल गांधी ने कहा कि जब राजस्थान में कांग्रेस के CLP टीकाराम जूली मंदिर जाते हैं, तो BJP और RSS के लोग उस मंदिर का शुद्धीकरण करवाते हैं।

### छात्र परिषद ...

ममता ने कहा कि वह अपने समर्थकों के खिलाफ "पुलिस की ज्यादती" रोकेंगी। उन्होंने कहा कि यह रक्षाबंधन पर उनका संकल्प है।

बंगाल में भाजपा की विभाजनकारी नीतिः ममता ने BJP पर बंगाल में विभाजनकारी राजनीति करने और पुलिस के जरिए लोगों में डर फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पूरे राज्य का दौरा शुरू करेंगी और अगर उनकी सभाओं की अनुमति नहीं मिली तो सड़कों पर उतरकर लोगों के बीच जाएंगी। मैं देखूंगी कि उनके पास कितने अंडे और ईंटें जमा हैं।

अतिक्रमण को लेकर सरकार पर निशानाः फुटपाथों से हॉकरों को हटाने पर उन्हें आपत्ति नहीं है, लेकिन उनको दूसरी जगह देनी चाहिए। अगर सरकार ऐसा नहीं कर सकती तो उन्हें हर महीने 25 हजार रुपये मुआवजा देना चाहिए।

### ममता को कार्यक्रम ...

कलकत्ता हाईकोर्ट ने ट्रैफिक और कानून-व्यवस्था को देखते हुए दोनों को मायो रोड पर कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी और अलग-अलग जगहों पर सीमित शर्तों के साथ कार्यक्रम की अनुमति दी।

### एफडीए अधिकारी ...

FDA ने Reactin Plus टैबलेट की पैकेजिंग और उसे वापस मंगाने की प्रक्रिया की जांच के बाद Cipla Pharma एंड Life Sciences Limited की पुणे के वाडकी स्थित कैरिंग एंड फॉरवर्डिंग सुविधा में कथित उल्लंघन पाए थे। इसके बाद कंपनी के दवा बिक्री लाइसेंस रद्द किए गए थे। ये लाइसेंस 27 अगस्त से रद्द किए गए थे।

खाद्य स्वच्छता सुनिश्चित करना जरूरी है, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई अनुपातिक और उचित होनी चाहिए। प्रतिष्ठानों को सुधार और नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना होना चाहिए न कि तुरंत बंद करना।

अधिकारी ने 'नौसिखिए' की तरह काम किया और उचित कारण बताए बिना आदेश जारी कर दिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि अधिकारी ने फूड सेफ्टी के तहत जरूरी कानूनी विश्लेषण नहीं किया।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने FDA को एक नीति पर विचार करने का सुझाव भी दिया। कोर्ट ने कहा कि बड़े रेस्टोरेंट की अपनी वेबसाइट होनी चाहिए, जहां लोग हाइजीन, खाने और स्वाद को लेकर अपनी राय साझा कर सकें।

### नेपाल बाढ़ : मौत ...

ग्लेशियर टूटने के बाद बड़े पैमाने पर मलबा और पानी नीचे की ओर बहा। इसके साथ भूस्खलन हुआ और अचानक आई बाढ़ ने नेपाल-तिब्बत सीमा से लगे इलाकों में भारी तबाही मचाई। बाढ़ के बाद नेपाल और चीन में राहत-बचाव अभियान जारी है।

नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई भीषण बाढ़ के बाद लापता लोगों की तलाश जारी है। इस आपदा में इंफोसिस पब्लिक सर्विसेज के CEO लक्स गोपीसेटी भी लापता हैं और उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। इंफोसिस ने कहा है कि वह अथॉरिटीज के साथ मिलकर उनसे संपर्क साधने की कोशिश कर रही है और उनके परिवार को हर संभव मदद दे रही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार 6 भारतीय फॉरेंसिक टीमें डीएनए जांच में मदद के लिए काठमांडू पहुंच रही हैं। अब तक 88 भारतीय नागरिकों का रेस्क्यू किया गया है। 287 भारतीय नागरिक अब भी लापता हैं। इधर 128 भारतीय मूल के लोगों का भी कुछ पता नहीं चला है।

### पंजाबी युवक नेपाल ...

गांव रत्तोके का रहने वाला शमशेर सिंह संधू नेपाल में एंड्रिट्ज कंपनी के त्रिशूल अपर पावर हाउस प्रोजेक्ट में क्रेन ऑपरेटर के तौर पर काम करता था। उसका साला भुपिंदर सिंह, जो क्रेन ऑपरेटर और साले का भतीजा रशपाल सिंह, जो ट्रक ऑपरेटर का काम करता था।

### नेपाल के पुनर्निर्माण...

खनाल ने कहा कि सरकार पहले बाढ़ से हुए जान-माल और बुनियादी ढांचे के नुकसान का विस्तृत आकलन करेगी। इसके बाद पुनर्निर्माण की योजना तैयार की जाएगी।

विदेश मंत्री ने कहा कि तबाही का पैमाना काफी बड़ा है और नेपाल को पुनर्निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग की जरूरत पड़ेगी।

### ताशकंद में पीएम ...

दोनों नेता इन क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति पर चर्चा करने के साथ-साथ आगे की दिशा और प्राथमिकताएं भी तय करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रणनीतिक साझेदारी को और व्यापक एवं मजबूत बनाना है। दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने और भविष्य के लिए साझा एजेंडा तय करने पर विचार करेंगे।

वीडियो में ताशकंद के कई छात्र बारी-बारी से प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते नजर आए। छात्रों ने भारत की संस्कृति के प्रति अपनी रुचि और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का भी जिक्र किया। एक छात्र ने हिंदी में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए कहा, ₹आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, ताशकंद में आपका स्वागत है। मेरा नाम समंदर है। हम ताशकंद के विद्यार्थी हैं। हम आपके ताशकंद आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी जी, ताशकंद आपका इंतजार कर रहा है।₹ एक अन्य छात्र ने कहा कि ताशकंद की धरती प्रधानमंत्री मोदी के आने का इंतजार कर रही है। उसने कहा कि सभी छात्र इस मुलाकात को लेकर उत्साहित हैं और प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार हैं।

### एफएसएसएआई ने ...

एवरेस्ट के मामले में खाद्य प्रयोगशाला की जांच में कंपाउंडेड हींग के सैंपल में अल्कोहल में घुलने वाले अर्क की मात्रा शून्य प्रतिशत पाई गई, जबकि तय मानक के अनुसार यह कम से कम 5 प्रतिशत होनी चाहिए। इसके अलावा पीली हींग पाउडर में यह मात्रा 3.29 प्रतिशत और काली हींग पाउडर में 4.4 प्रतिशत मिली।

## कप्तानी जाने पर पहली बार सूर्यकुमार बोले लगा था ओलिंपिक और अगले टी-20 वर्ल्डकप में कप्तान रहूंगा

# ‘डेढ़ महीने सोचता रहा ऐसा कैसे हुआ’

**बयान**

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पूर्व टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली बार कप्तानी छिनने पर बात की। उन्होंने कहा, ‘मैं करीब डेढ़ महीने तक घर बैठकर सोचता रहा कि ऐसा कैसे हो सकता है।’ पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के यूट्यूब चैनल पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि वे 2028 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक और अगले टी-20 वर्ल्ड कप तक टीम की कप्तानी करेंगे।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी से हटा दिया और श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया। यहां तक आयरलैंड और इंग्लैंड की टीम में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया। सिलेक्टर्स ने उनके खराब फॉर्म को इसकी वजह बताया।

सूर्या ने कहा कि टीम के ऐलान से तीन दिन पहले सिलेक्शन कमेटी ने मुझसे बात की थी। मुझे बताया गया था, 'इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में मेरा नाम नहीं होगा। अब आगे बढ़ने का समय है। मैंने रिएक्ट नहीं किया, क्योंकि इसमें मेरी गलती नहीं थी।'

इस पर सूर्या ने सिलेक्टर्स से कहा- 'जो फैसला लिया गया, वह निश्चित ही टीम के लिए बेहतर होगा। आपने फैसला लिया और मुझे बता दिया। कोई समस्या नहीं है। मैं खेलता रहूंगा। जब आपको लगे कि सही समय है, तब बुला लीजिए।' सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने इसी साल 8 मार्च को टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। इस जीत के साथ भारत अपने टाइटल को डिफेंड करने और लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने वाला दुनिया का पहला देश बना। सूर्या टी-20 में भारत के सफल कप्तान हैं। उनकी कप्तानी में भारत ने 52 टी-20 मैच खेले। इसमें 42 जीते , 8 हारे और दो मैचों का नतीजा नहीं निकला। उनका जीत प्रतिशत 80.76% है।

### रोहित के बाद सूर्या को कप्तानी मिली थी

वेस्टइंडीज में 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रोहित शर्मा ने इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद सूर्यकुमार यादव को भारत की कप्तानी सौंपी गई थी।

### सूर्या बोले- खुद को सिलेक्टर्स की जगह रखकर सोचा

सूर्यकुमार ने बताया कि टीम से बाहर किए जाने पर खुद को सिलेक्टर्स की जगह रखकर सोचा। समझने की कोशिश की कि वे उनसे आगे बढ़कर भविष्य के लिए नई टीम क्यों बनाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा- ‘जब मेरा नाम टीम में नहीं था, तब मैं मुस्कुराया। मैच के दौरान जब भी दबाव की स्थिति आई, मैंने खुद को शांत रखने की कोशिश की। मैंने सोचा नहीं था कि ऐसा होगा।' सूर्या ने खुद को मिले मौकों के लिए शुक्रिया भी कहा।




सूर्यकुमार ने 113 मैचों में 3272 रन बनाए हैं। उनका औसत 36.35 और स्ट्राइक रेट 162.94 रहा है। सूर्यकुमार के नाम 4 शतक और 25 अर्धशतक दर्ज हैं। उनका बेस्ट स्कोर 117 रन है। सूर्या ने 297 चौके, 179 छक्के और 58 कैच भी लिए हैं।

# ईशान भैया नहीं जानते मैं विकेट-टेकर हूं : वैभव सूर्यवंशी

## दलीप ट्रॉफी में तीन ओवर में 2 विकेट लिए थे, बल्लेबाजी में फेल रहे



नई दिल्ली । दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ-ईस्ट जोन के खिलाफ 2 विकेट लेने वाले वैभव सूर्यवंशी ने एक किस्सा शेयर किया है। वैभव ने कहा- 'विकेट नहीं गिर रहे थे, इसलिए ईशान भैया ने मुझे 2-3 ओवर गेंदबाजी करने के लिए कहा। उनको लगा कि मुझे गेंद देना जोखिम है। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि मैं विकेट लेने वाला गेंदबाज हूं।' ईस्ट जोन के उप-कप्तान वैभव ने 3 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट लिए। हालांकि बतौर बल्लेबाज वे पहली पारी में सिर्फ 8 रन बना सके। ईस्ट जोन ने मुकाबला पारी और 210 रन से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम टॉप-4 में साउथ जोन के खिलाफ 30 अगस्त से खेलेगी।

वैभव ने BCCI डोमेस्टिक की ओर से शेयर किए गए वीडियो में कहा कि हर बल्लेबाज को गेंदबाजी करना पसंद होता है। मुझे पता था कि अगर मैं पांच विकेट भी लूंगा तो भी मुझे तीन ओवर की ही बॉलिंग मिलेगी। इसलिए मेरी कोशिश रही कि जितनी अच्छी हो सके उतनी अच्छी बॉलिंग करूं।

उन्होंने बताया- ‘मैं बार-बार गेंद को एक ही जगह पर डालने की कोशिश कर रहा था। इसमें बहुत मजा आ रहा था। पिछले मैच में मैंने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, इसलिए गेंदबाजी में योगदान देकर बहुत अच्छा लगा।’IPL से टी-20 क्रिकेट में पहचान बना चुके वैभव को अभी रेड-बॉल में खुद को साबित करना है। दलीप ट्रॉफी टेस्ट उनके लिए एक मौका है। उन्होंने IPL 2026 में सबसे ज्यादा 776 रन बनाए थे। इसके बाद उन्हें भारत की टी-20 टीम में जगह मिली।

जिम्बाब्वे से लौटने के बाद वैभव ने राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में दो हफ्ते रेड बॉल क्रिकेट की तैयारी की। यह कैंप विक्रम राठौर की निगरानी में हुआ। इसमें तकनीक, फिटनेस, वर्कलोड, रिकवरी और परफॉर्मेंस का एनालिसिस किया गया।

## कहा- इनका खेल काउंटी के सेकेंड डिवीजन जैसा, लॉर्ड्स में 110 रन पर सिमटा था पाक

# वॉन ने पाकिस्तान को दोयम दर्जे की टीम बताया



नई दिल्ली । इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में पाकिस्तान की पहली पारी 110 रन पर सिमट गई। इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने पाकिस्तान के बैटिंग लाइन-अप की तुलना इंग्लिश काउंटी की सेकेंड डिवीजन टीम से कर दी।

उन्होंने कहा- ‘इंग्लिश बॉलर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। लेकिन क्या पाकिस्तान की बल्लेबाजी सेकेंड डिविजन की काउंटी क्रिकेट जैसी है? किसी भी लेवल पर यह इंटरनेशनल टेस्ट मैच की बल्लेबाजी लाइनअप नहीं दिखती।’

लॉर्ड्स में इंग्लैंड के 290 रन के जवाब में पाकिस्तान पहली पारी सिर्फ 37.2 ओवर तक चली। वापसी कर रहे कप्तान बाबर आजम भी सिर्फ 8 रन ही बना सके। सिर्फ 2 बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। पाकिस्तान पहली पारी में 180 रन से पिछड़ गया है। लॉर्ड्स का यह टेस्ट पहले दिन से विवादों में है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मैच के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्काई स्पोर्ट्स से कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों का इंटरव्यू ना दिखाए। बोर्ड ने धमकी दी ऐसा किया गया तो वह इंग्लैंड का दौरा रद्द कर सकता है।

### वॉन बोले- गेंदबाजों को पता है कि उन्हें विकेट मिलेगा



वॉन ने कहा- 'पूरी ईमानदारी से कहूंगा कि इंग्लैंड के गेंदबाजों को बिल्कुल भी चुनौती नहीं मिल रही। लंबे समय में यह पाकिस्तान की शायद सबसे आसान बैटिंग लाइन-अप है, जिसके खिलाफ गेंदबाजी करना आसान हो।' उन्होंने कहा- सभी बॉलर चाहते होंगे कि उन्हें बॉल मिले, क्योंकि उन्हें पता है कि यहां विकेट मिलेंगे। ये बल्लेबाज उनके आंकड़े खराब नहीं करेंगे। यह ऐसा है कि सभी गेंदबाज आगे आकर कह रहे हैं- चलो, चलो, किसे विकेट चाहिए?'

### ओली रॉबिन्सन को 4 और जोफ्रा आर्चर को 3 विकेट

पाकिस्तन ने 5 रन पर पहला विकेट गंवाया। इसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे और टीम एक भी फिफ्टी रन की पार्टनरशिप नहीं कर पाई। ओपनर अजान अवैस ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। इमाम-उल-हक चोट की वजह से बैटिंग के लिए नहीं उतरे। उन्हें रिटायर्ड आउट दिया गया।

इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने 4 और जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। जोश टंग को 2 विकेट मिला।

## मनोरंजन

### ‘हीरोपंती’ के ऑडिशन में फेल हुईं, इंजीनियरिंग छोड़ी, फिर ‘एमएस धोनी’ से बनीं स्टार

# दिशा पाटनी 500 रुपए लेकर मुंबई आई थीं



नई दिल्ली। दिशा पाटनी की बॉलीवुड तक पहुंचने की कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बरेली से निकलकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बीच मॉडलिंग शुरू करने वाली दिशा 500 रुपए लेकर मुंबई पहुंची थीं। यहां उन्हें लगातार ऑडिशन देने पड़े और ‘हीरोपंती’ का ऑडिशन फेल हो गया। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और इंजीनियरिंग छोड़कर एक्टिंग को करियर बना लिया।

2015 में ‘लोफर’ से फिल्मी सफर शुरू हुआ, लेकिन 2016 की ‘एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी’ ने उन्हें घर-घर पहचान दिलाई। इसके बाद ‘बागी 2’, ‘भारत’, ‘मलंग’ और ‘कल्कि 2898 एडी’ जैसी फिल्मों ने उन्हें चर्चित अभिनेत्रियों में शामिल कर दिया। हाल में उनकी मल्टीस्टार फिल्म ‘वेलकम टू द जंगल’ और ‘अवारापन 2’ रिलीज हुई है।

दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1992 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। उनका परिवार उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र की राजपूत पृष्ठभूमि से आता है। उनके पिता जगदीश सिंह पाटनी पुलिस अधिकारी और मां हेल्थ इंस्पेक्टर हैं।

दिशा ने कम उम्र में मॉडलिंग शुरू कर दी थी। 2020 में ‘फिल्मीबीट’ को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि उन्होंने 18 साल की उम्र में मॉडल के तौर पर काम शुरू किया था। उनके मुताबिक उस समय उन पर कई जिम्मेदारियां थीं और उन्होंने परिवार पर आर्थिक रूप से निर्भर रहने के बजाय खुद काम करके अपना खर्च संभाला।



## दृश्यम 3 में सही-गलत का फर्क मिटा देंगे अजय देवगन

# दृश्यम 3 से अजय देवगन के नए अंदाज ने बढ़ाई बेचैनी

- फिल्म से मेकर्स ने रिलीज किया अजय देवगन का नया पोस्टर



नई दिल्ली। दृश्यम 3 में अजय देवगन एक बार फिर से विजय सलगांवकर बनकर लौट रहे हैं। टॉक्सिक और धुरंधर 2 के बाद यह फ्रेंचाइजी इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। अक्टूबर में रिलीज होने वाली दृश्यम 3 से मेकर्स हर दो दिन में ऑडियंस के लिए कुछ नया परोस रहे हैं।

अब हाल ही में मेकर्स ने अजय देवगन का फिल्म से नया लुक शेयर किया है, जो इस फ्रेंचाईजी फिल्म के फैंस की बेताबी को बढ़ाने के लिए काफी है। इतना ही नहीं, नए पोस्टर के साथ मेकर्स ने यह भी क्लियर कर दिया कि अब विजय अपने परिवार को बचाने की खातिर कौन सी हद पार करेंगे।

### सोशल मीडिया यूजर्स बोले-'अब आएगा असली मजा'

सस्पेंस थ्रिलर फ्रेंचाइजी से इस नए पोस्टर को देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स काफी एक्साइटेड हो गए हैं। एक यूजर ने लिखा, ₹अपनी सीट बेल्ट को कसकर बांध लो।₹ दूसरे यूजर ने लिखा, ₹आप दृश्यम 3 के इस पार्ट के बाद फिल्म का सस्पेंस खत्म कर देना। अन्य यूजर ने लिखा, प्लीज इसका टीजर और ट्रेलर जल्दी से रिलीज कर दो, अब सब्र नहीं हो रहा है। आपको बता दें कि बीते दिनों दृश्यम 3 के निर्देशक अभिषेक पाठक ने फैंस को यह सुनिश्चित किया था कि अजय देवगन की सस्पेंस भरी मूवी में एक अलग और नया अध्याय शुरू होगा। यह मलयालम फिल्म की हूबहू कॉपी नहीं है। दृश्यम 3 की रिलीज डेट की बात करें तो यह 2 अक्टूबर 2026 को गांधी जयंती के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## शरीफुल इस्लाम ने कोर्ट से नरमी की अपील की, पीठ में फंसा था चाकू का टुकड़ा

# सैफ अली खान पर हमले के आरोपी ने जुर्म कबूला

नई दिल्ली, एजेंसी



सैफ अली खान पर 16 जनवरी 2025 को घर में घुसकर हमला किया गया था।

सैफ अली खान पर हमले के आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम ने अपना अपराध स्वीकार करने की अर्जी दायर की है। उसने अदालत से नरमी बरतने की अपील भी की है। उसके वकील विपुल दुशिंग ने इसकी पुष्टि की है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने अभियोजन पक्ष से जवाब दाखिल करने को कहा है और सुनवाई 11 सितंबर तक टाल दी है। 16 जनवरी 2025 की देर रात सैफ के घर में लूट की नीयत से घुसे शख्स ने उन पर हमला किया था। घटना के दो दिन बाद शरीफुल इस्लाम की गिरफ्तारी हुई थी, जो अब तक न्यायिक हिरासत में है। इस महीने की शुरुआत में एडिशनल सेशंस जज जीपी देशमुख ने शरीफुल इस्लाम पर आरोप तय किए थे। इसके साथ ही मामले में ट्रायल का रास्ता साफ हो गया। इस्लाम पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संबंधित धाराओं के तहत घातक हथियार का इस्तेमाल करके लूटपाट, गंभीर चोट पहुंचाने और घर में जबरन घुसने के आरोप लगाए गए हैं। उस पर फॉरेनर्स एक्ट और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियमों की संबंधित धाराएं भी लगाई गई हैं। जांच में सामने आया था कि शरीफुल इस्लाम बांग्लादेशी है, जो फर्जी डॉक्यूमेंट्स की मदद से गैरकानूनी ढंग से भारत में रह रहा है। हाल ही में मोजो स्टोरी को दिए इंटरव्यू में सैफ ने हमले पर बात करते हुए कहा था, ‘मैं बच्चों के कमरे में गया।





“सैफ ने बताया था कि उस शख्स ने उन्हें पूरी ताकत से चाकू मारा था। चाकू का 6 इंच का टुकड़ा उनकी पीठ में रह गया था। वो टुकड़ा रीड़ की हड्डी के पास लगा था। सैफ ने कहा, ‘मेरा एक पैर सुन्न हो रहा था, मैं पैरालाइज होने के बेहद करीब था।’

### हमला करने वाले शख्स को माफ करना चाहते हैं सैफ

इसी इंटरव्यू में सैफ ने कहा है कि वो हमला करने वाले शख्स को माफ करना चाहते हैं। सैफ ने कहा, “मैं उस आदमी को माफ भी करना चाहता था, क्योंकि मुझे लगता है कि उसने बहुत बड़ी गलती की। मुझे नहीं लगता कि वह झगड़ा करना चाहता था। मैं उसे खुशी-खुशी माफ कर देता, लेकिन जिस तरह से उसने मुझे मारने की कोशिश की, उसे भूल पाना मेरे लिए मुश्किल हो रहा है। यह अमीर और गरीब का मामला है और इसी असमानता की वजह से ऐसा हुआ है।”

## यह भारत की 40 साल की जरूरत के बराबर, ट्रम्प बोले- इतिहास की सबसे बड़ी डील

# अमेरिका ने वेनेजुएला का 65 अरब बैरल तेल कब्जाया

**समझौता**

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका ने वेनेजुएला के 65 अरब बैरल से ज्यादा तेल भंडार पर कंट्रोल हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। यह आंकड़ा इसलिए भी बड़ा है, क्योंकि अमेरिका के पास खुद करीब 46 अरब बैरल तेल है।

भारत से तुलना करें तो देश हर साल करीब 1.6 से 1.7 अरब बैरल कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। इस हिसाब से 65 अरब बैरल तेल भारत के 40 साल के ऑयल इम्पोर्ट के बराबर है।



अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, यह काम वेनेजुएला में काम करने वाली एक निजी कंपनी के साथ मिलकर किया जाएगा। इस साझेदारी से निकलने वाले तेल में अमेरिका को 55% हिस्सा मिलेगा। हालांकि, इस निजी कंपनी का नाम अभी नहीं बताया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे दुनिया की सबसे बड़ी डील बताया है। वेनेजुएला की राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने भी इसे ऐतिहासिक समझौता बताया है। वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था लंबे समय से संकट में है। देश की सरकारी तेल कंपनी कमजोर हुई, तेल उद्योग में निवेश कम हुआ और उत्पादन लगातार गिरा। इसके अलावा अमेरिकी प्रतिबंधों ने भी तेल कारोबार को नुकसान पहुंचाया।

**अमेरिका और वेनेजुएला के रिश्ते जनवरी में निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद बदल गए। डेल्सी रोड्रिग्ज के राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों देशों में बातचीत बढ़ी और वेनेजुएला का तेल इसका सबसे अहम मुद्दा बन गया।**

**इसके बाद वेनेजुएला ने तेल उद्योग के नियम बदले। नए नियमों से विदेशी कंपनियों को ज्यादा अधिकार मिले और अमेरिकी कंपनियों के लिए वहां निवेश और तेल उत्पादन बढ़ाने का रास्ता खुल गया।**

### वेनेजुएला में 300 अरब बैरल तेल मौजूद

वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है। वहां 300 अरब बैरल से ज्यादा तेल मौजूद है। ट्रम्प जिस 65 अरब बैरल तेल पर अमेरिकी कंट्रोल की बात कर रहे हैं, वह वेनेजुएला के कुल तेल भंडार का करीब पांचवां हिस्सा है। वेनेजुएला के पास इतना बड़ा तेल भंडार होने के बावजूद वहां उत्पादन काफी कम है। आर्थिक संकट, निवेश की कमी और अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण उसका तेल उद्योग लंबे समय से मुश्किल में है।

### 100 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश

राष्ट्रपति रोड्रिग्ज के मुताबिक, समझौते के तहत वेनेजुएला के 17 तेल क्षेत्रों को दोबारा विकसित किया जाएगा। इसमें 100 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश होने की बात कही गई है। उनका कहना है कि इस पूरे काम से वेनेजुएला की सरकार को आने वाले समय में करीब 209 अरब डॉलर टैक्स मिल सकता है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला अपने बड़े तेल भंडार का इस्तेमाल देश के विकास के लिए करना चाहता है।



### अमेरिका के हिस्से में कितना तेल आएगा

इस डील में सबसे अहम बात अभी भी साफ नहीं है। अमेरिका को वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल का मालिकाना हक मिलेगा या सिर्फ उसके उत्पादन में बड़ा हिस्सा मिलेगा, यह समझना जरूरी है।

अभी उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, अमेरिका को साझेदारी से होने वाले तेल उत्पादन का 55% हिस्सा मिलेगा। लेकिन इस काम में शामिल निजी कंपनी का नाम और समझौते की पूरी शर्तें अभी सामने नहीं आई हैं।

इसलिए 65 अरब बैरल तेल पर अमेरिका का कंट्रोल होने का मतलब यह नहीं है कि पूरा तेल अमेरिका का हो गया है। असल में अमेरिका को कितना अधिकार मिलेगा, यह डील की पूरी शर्तें सामने आने के बाद ही साफ होगा।

## जियो के आईपीओ को सेबी की मंजूरी 27 करोड़ नए शेयर जारी करेगी कंपनी

मुंबई, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की डिजिटल और टेलीकॉम ब्रांच, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के IPO को मार्केट रेगुलेटर सेबी से मंजूरी मिल गई है। SEBI ने आज 28 अगस्त को इसकी जानकारी दी।

इसके साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ऑफिशियल पोर्टल पर भी जियो के ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस का स्टेटस 'अप्रूव्ड' दिखाने लगा है।

हालांकि अभी यह तय नहीं है कि IPO मार्केट में कब आएगा। लेकिन, जानकारों का अनुमान है कि दीपावली के आसपास इसे लॉन्च किया जा सकता है।

इसी साल 19 जून को रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं सालाना बैठक में कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने ऐलान किया था कि कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का IPO भी लाने जा रही है। उन्होंने बताया था कि कंपनी 27 करोड़ नए शेयर जारी करेगी और IPO के जरिए करीब 4 बिलियन डॉलर यानी 37,700 करोड़ जुटाने की योजना है। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा IPO बन सकता है। हालांकि शेयरों की कीमत क्या रहेगी, इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। इस IPO का ऐलान पिछले साल की AGM में भी किया गया था, लेकिन अमेरिका-ईरान जंग की वजह से इसे टाल दिया गया।




ईशा अंबानी ने कहा था कि रिलायंस रिटेल का ग्राहक आधार लगातार बढ़ रहा है और रजिस्टर्ड ग्राहकों की संख्या 38.7 करोड़ तक पहुंच गई है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 1.93 अरब ट्रांजैक्शन किए, जो एक साल पहले के मुकाबले 39% ज्यादा हैं।

स्मार्ट बाजार नेटवर्क ने 1,000 स्टोर्स का आंकड़ा पार कर लिया है।

**फास्ट न्यूज**

### यूक्रेन की ताकत जैवलिन मिसाइल

नई दिल्ली। यूक्रेन युद्ध में रूसी टैंकों और बख्तरबंद वाहनों को नष्ट कर चर्चा में आई अमेरिका की एफजीएम-148 जैवलिन टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल अब भारतीय सेना की ताकत बढ़ाएगी। सेना ने इस गाइडेड मिसाइल प्रणाली को खरीदने के लिए आधिकारिक स्वीकृति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। सौदे के तहत सेना को 100 जैवलिन मिसाइलें और 25 स्पेशल लॉन्चिंग यूनिट मिलेंगी।

### नेपाल से पलायन का दर्दः समेट रहे थे घर के सामान

काठमांडो। जलप्रलय आने के तीसरे दिन नेपाल के लोगों की जिंदगी वक्त के साथ सामान्य हो रही थी कि शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे नेपाल प्रहरी (पुलिस) की ओर से जारी हाई अलर्ट ने अफरा-तफरी मचा दी। फुर्के खोला बाजार में नदी किनारे की ओर मकान-दुकान से महिलाएं सामान समेटने लगीं।

इसी बीच कॉपी-किताब से भरी बैग हाथ में लिए सुष्मिता ने अपनी मां सुमिष्टा से बड़ी मासूमियत से पूछा-मां कहां रहेंगे और क्या खाएंगे। मामा के यहां भी जाने लायक नहीं है।

### जियो के आईपीओ को सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की डिजिटल और टेलीकॉम ब्रांच, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के IPO को मार्केट रेगुलेटर सेबी से मंजूरी मिल गई है।

वहीं, 28 अगस्त को सोने की कीमतों में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,192 रुपए बढ़कर 1.60 लाख रुपए हो गया है।

## रूस का यूक्रेन पर भीषण हमला, 27 लोगों की मौत

### 50 से अधिक आवासीय इमारतें तबाह

कीव, एजेंसी

यूक्रेन की राजधानी कीव के पास स्थित बुचा जिले में रूस ने बड़ा हमला किया है। इस हमले में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको के अनुसार, रूस द्वारा किए गए इस हमले के कारण लगी भीषण आग आसपास के घरों व एक रेस्टोरेंट तक फैल गई। हमले में कम से कम 50 रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

कीव में लगातार हो रहे हवाई हमलों का आज तीसरा दिन है। इन हमलों ने यूक्रेन की राजधानी की अर्थव्यवस्था को ठप कर दिया है और आम लोगों की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हुई है। यह सब रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर बड़े पैमाने पर हमला किए जाने के बाद हो रहा है।

इससे पहले रूस ने गुरुवार तड़के



यूक्रेन की राजधानी कीव समेत नौ शहरों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। इन हमलों में रूस ने खासतौर से यूक्रेन के आर्थिक ठिकानों को निशाना बनाया है। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया उनमें बंदरगाह, गोदाम, ऊर्जा ठिकाने और औद्योगिक इकाइयां मुख्य हैं।

इन हमलों खार्कीव में एक व्यक्ति की मौत हुई है और दो घायल हुए हैं। रूस ने इन हमलों में बैलेस्टिक मिसाइलों, हाइपरसोनिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और जेट इंजन चालित ड्रोन का इस्तेमाल किया।

## बोले- विश्व में कई तरह के संघर्ष, कृष्ण चेतना से ही शांति आ सकती है

# भागवत न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन मंदिर पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी

RSS प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले इस्कॉन सेंटर का दौरा किया। मंदिर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के संघर्ष हैं। ऐसे समय में 'कृष्ण चेतना' शांति ला सकती है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में भले ही अलग-अलग तरह की विविधताएं, मतभेद और संघर्ष हों, लेकिन अगर लोगों को यह समझ आने लगे कि सब कुछ कृष्ण का ही हिस्सा है, तो दुनिया में बेहतर और शांतिपूर्ण माहौल बनाया जा सकता है।

RSS प्रमुख 25 अगस्त को



न्यूयॉर्क पहुंचे थे। वे RSS के 100 साल पूरे होने के मौके पर तीन देशों, अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन दौरे पर हैं। इस दौरान वे भारतीय समुदाय और अलग-अलग संगठनों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले हैं।

भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम RSS के 100 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों का हिस्सा है।

**भागवत 26 सेकंड एवेन्यू स्थित उस जगह पर भी पहुंचे, जहां स्वामी प्रभुपाद ने जुलाई 1966 में इस्कॉन की स्थापना की थी। इसे मैचलैस गिफ्ट्स भी कहा जाता है। इस्कॉन इस साल अपनी स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस्कॉन के 120 देशों में 1,300 मंदिर हैं।**




न्यूयॉर्क में इस्कॉन सेंटर के अधिकारियों के साथ भागवत।

### 61 संगठनों ने कार्यक्रम को विरोध किया, रद्द करने की मांग

भागवत के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में होने वाले कार्यक्रम का विरोध भी हो रहा है। अमेरिका के कई हिंदू संगठनों समेत 61 इंटरफेथ और धर्मनिरपेक्ष संगठनों ने कार्यक्रम के खिलाफ खुला पत्र जारी किया है। मंगलवार को हिंदूस फॉर ह्यूमन राइट्स, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और इंटरफेथ सेंटर ऑफ न्यूयॉर्क समेत कई संगठनों ने न्यूयॉर्क सिटी हॉल के बाहर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इन संगठनों ने कार्यक्रम को रद्द करने की मांग की है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी भी कार्यक्रम को लेकर अपनी असहमति जता चुके हैं। उन्होंने RSS को 'बांटने वाली सोच' वाला बताया। ममदानी ने कहा कि वह RSS के इस कार्यक्रम का समर्थन नहीं करते। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि निजी तौर पर आयोजित कार्यक्रम को रद्द करने का अधिकार शहर प्रशासन के पास है या नहीं।

## याचिका में मांग- पंपों पर बताया जाए पेट्रोल में कितना एथेनॉल मिला रहे

# एथेनॉल ब्लेंडिंग पर एससी में 31 अगस्त को सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट 31 अगस्त को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें देश के सभी पेट्रोल पंपों के नोजल और पेट्रोल बिल पर एथेनॉल की सटीक मात्रा यानी प्रतिशत लिखे होने की मांग की गई है।

PTI के मुताबिक न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। यह याचिका नरेंद्र कुमार गोस्वामी की ओर से दायर की गई है।

याचिकाकर्ता ने अदालत से मांग की है कि सरकार एक आधिकारिक और सार्वजनिक ऑनलाइन डेटाबेस तैयार करे। इस डेटाबेस में वाहन निर्माता, मॉडल, इंजन के




प्रकार और निर्माण के वर्ष के हिसाब से सर्च करने की सुविधा हो। इससे आम नागरिक यह आसानी से जान सकेंगे कि उनकी गाड़ी E20 या अन्य एथेनॉल मिश्रण के अनुकूल है या नहीं। शामिल होने चाहिए। यह समिति सड़कों पर चल रहे वाहनों पर E20 ईंधन के वास्तविक प्रभाव की जांच करके सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करेगी। माइलेज और रखरखावः एथेनॉल मिले पेट्रोल का गाड़ी के माइलेज, इंजन की उम्र और मेंटेनेंस खर्च पर क्या असर पड़ता है। वारंटी और बीमाः एथेनॉल ब्लेंडेड फ्यूल के इस्तेमाल से गाड़ी की वारंटी और इंश्योरेंस क्लेम पर पड़ने वाले प्रभाव।

पर्यावरण और पानी की खपतः गाड़ियों से निकलने वाले धुएं और एथेनॉल उत्पादन में होने वाली पानी की खपत का पर्यावरण पर प्रभाव। खाद्य सुरक्षाः अनाज और गन्ने के एथेनॉल डायवर्जन से खाद्य सुरक्षा और पशु चारे पर पड़ने वाले असर।

### पंप के नोजल और पेट्रोल बिल पर लिखनी होगी एथेनॉल की मात्रा

याचिका में केंद्र सरकार और संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि पेट्रोल पंपों की हर डिस्पेंसिंग नोजल पर एथेनॉल ब्लेंडिंग का प्रतिशत स्पष्ट रूप से लिखा जाए।

इसके साथ ही, जब भी कोई ग्राहक पेट्रोल खरीदे, तो उसको मिलने वाली रसीद पर भी यह अनिवार्य रूप से लिखा हो कि उस ईंधन में कितने प्रतिशत एथेनॉल मिला हुआ है।

# नेपाल में सैलाब के बीच खड़ा रहा घर अंदर मौजूद तीनों लोग सुरक्षित

### पानी के बहाव और मलबे से आस-पास के मकान टूटे

**सुरक्षित**

बीजिंग, एजेंसी

नेपाल में अचानक आई बाढ़ के बीच तेज बहाव के बावजूद एक घर खड़ा रहा। आसपास का इलाका डूब गया, इमारतें और मलबा बहते नजर आए। घर की बालकनी में 3 लोग खड़े दिखे, जो तबाही के बीच भी शांत नजर आए।

वीडियो में कीचड़ भरा पानी डरावनी रफ्तार से बहता दिख रहा है। हालांकि, यह वीडियो नेपाल में कहां का है, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

नेपाल पुलिस के मुताबिक, बाढ़ में 633 लोगों की मौत हुई है और



नेपाल में आई बाढ़ के बीच इस घर का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

करीब 2500 लोग लापता या संपर्क से बाहर हैं। इनमें 320 भारतीय भी शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, चीन की ओर करीब 400 भारतीय फंसे हैं और सभी सुरक्षित हैं। भारत उन्हें वापस लाने के लिए चीनी अधिकारियों के संपर्क में है। वहीं 153 भारतीय चीन से सुरक्षित नेपाल पहुंच चुके हैं।

**बढ़ोतरी :** कीमत 83 प्रति किलो से बढ़कर करीब 87 हुई, इस साल 5वीं बार बढ़े दाम

# दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी 3.89 महंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-NCR में CNG की कीमत 3.89 प्रति किलो बढ़ गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (IGL) के मुताबिक, नई कीमत शनिवार सुबह 6 बजे से लागू होगी। इसके बाद दिल्ली में CNG 83.09 से बढ़कर 86.98 प्रति किलो हो जाएगी। इस साल CNG के दाम में यह पांचवीं बढ़ोतरी है।

IGL के मुताबिक, इस बार कीमत बढ़ाने की मुख्य वजह LNG की बढ़ती आयात लागत, अंतरराष्ट्रीय गैस कीमतों में तेजी और CNG की बढ़ती मांग है। इससे पहले मई में पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में तेजी के चलते IGL ने 10 दिनों के भीतर चार फेज में CNG के दाम कुल 6 प्रति किलो बढ़ाए थे।




CNG के दाम बढ़ने से दिल्ली-एनसीआर में ऑटो, टैक्सी, बस और माल ढोने वाले वाहनों के मालिक प्रभावित होंगे।

IGL ने बताया कि पश्चिम एशिया में संकट बढ़ने से होर्मुज स्ट्रेट के जरिए LNG की सप्लाई और माल ढुलाई प्रभावित हुई है। संकट से पहले की तुलना में अब वैश्विक LNG कीमतें करीब दोगुनी हो गई हैं। यूरोप में सर्दियों से पहले गैस भंडारण बढ़ाने की जरूरत ने भी कीमतों पर दबाव बढ़ाया है।

दिल्ली-NCR में बड़ी संख्या में ऑटो, टैक्सी, बस और माल ढोने वाले वाहन CNG से चलते हैं। ऐसे में ईंधन महंगा होने का असर इन वाहनों के संचालन खर्च पर पड़ सकता है। CNG की कीमत बढ़ने से आगे चलकर यात्री किराए और माल ढुलाई की लागत पर भी असर पड़ने की संभावना है।

### नोएडा-गाजियाबाद में 95.59, गुरुग्राम में 92.01 प्रति किलो

नई कीमतों के बाद नोएडा और गाजियाबाद में CNG 95.59 प्रति किलो हो गई है। मेरठ में इसकी कीमत 95.47 और गुरुग्राम में 92.01 प्रति किलो है।

पेट्रोल और डीजल की तरह CNG के दाम भी अलग-अलग राज्यों में अलग होते हैं। इसकी एक वजह राज्यों में लागू अलग-अलग वैट दरें हैं।

दिल्ली में कीमत बढ़ने के बावजूद IGL ने कहा है कि CNG उपभोक्ताओं के लिए दूसरे ईंधनों के मुकाबले किफायती विकल्प बनी हुई है।

**आईजीएल के मुताबिक, भारत में सीएनजी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इनपुट गैस का बड़ा हिस्सा आयातित स्पॉट एलएनजी से पूरा किया जा रहा है। महंगी एलएनजी और बढ़ती घरेलू मांग से आईजीएल की इनपुट गैस लागत बढ़ी। इसी असर को कम करने के लिए कंपनी ने सीएनजी के दाम 3.89 प्रति किलो बढ़ाए।**

## स्मृति शेषः नॉर्वे के किंग हेराल्ड पंचम का निधन

### 35 साल के राज में कई अहम फैसले लिए

एलन कोवेल, एजेंसी

सदियों पुरानी शाही परंपराओं की दीवारें तोड़कर एक आम कपड़ा व्यापारी की बेटी से शादी करने की खातिर अपने पिता से 9 साल तक बगावत करने वाले नॉर्वे के आधुनिक चेहरे किंग हेराल्ड पंचम का शुक्रवार को 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

ओस्लो के यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल 'रिक्शॉस्पिटैलेट' में उन्होंने अंतिम सांस ली, जहां वे खून में गंभीर बैक्टीरियल संक्रमण का इलाज करा रहे थे। 1937 में जन्में हेराल्ड पंचम 14वीं सदी के बाद नॉर्वे की धरती पर पैदा होने वाले देश के पहले सम्राट थे। पिता के निधन के बाद 17 जनवरी 1991 को ताज संभाला और शाही महलों को आम जनता के लिए खोल दिया।

अपने 35 साल के लंबे शासनकाल (1991 से 2026) के



दौरान उन्होंने नॉर्वे के प्राचीन 'हाउस ऑफ ग्लुक्सबर्ग' राजघराने को आधुनिक और लोकतांत्रिक सांचे में ढाला। हालांकि, उनके जीवन का अंतिम दौर शाही परिवार से जुड़े कई सनसनीखेज विवादों, खासकर अमेरिकी सेक्स-ऑफेंडर जेफरी एपस्टीन के साथ बहू के लीक ईमेल संबंधों, पोते को रेप केस में 4 साल की जेल और बेटी के एक अमेरिकी तांत्रिक (शामन) से शादी को लेकर उठे सियासी बवंडर के साये में बीता। 1960 के दशक में जब हेराल्ड क्राउन प्रिंस थे, तो उन्हें ओस्लो यूनिवर्सिटी की छात्रा सोनिया हेराल्डसन से प्यार हुआ।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96